


RNI NO-UPHIN/2023/84340

# सबसे तेज प्रयागराज

सब पर नजर, सटीक खबर

नगर संस्करण | hpshukla50@gmail.com | बुधवार, 13 नवंबर 2024 | वर्ष: 01, अंक: 260, पृष्ठ: 8, मूल्य: 2 रू. | प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक समाचार पत्र


## खालिस्तानी आतंकी ने राममंदिर को उड़ाने की दी धमकी, अयोध्या में हाई अलर्ट

एजेंसी

**अयोध्या।** खालिस्तानी आतंकी की राममंदिर को बम से उड़ाने की धमकी के बाद पूरी अयोध्या को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। राममंदिर की सुरक्षा व्यवस्था आम दिनों में भी सख्त रहती है। हर दिन श्रद्धालुओं को सुरक्षा घेरे से होकर ही राममंदिर में प्रवेश दिया जाता है ।

अयोध्या जिला प्रशासन ने धमकी के बाद श्रीराम जन्मभूमि परिसर सहित पूरी अयोध्या में हाई अलर्ट कर दिया है। मंगलवार को राममंदिर की सुरक्षा से जुड़े



अधिकारियों ने पूरे परिसर का बारीकी से निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। आईजी पुलिस प्रवीण कुमार ने कहा कि आतंकी पन्नू ने वीडियो के माध्यम से धमकी दी है। इस तरह के वीडियो बयान पहले भी जारी किए गए हैं। हम सुरक्षा व्यवस्था की एक बार फिर से समीक्षा कर रहे हैं। रामजन्भूमि की सुरक्षा में तैनात पुलिस अधीक्षक सुरक्षा बलरामाचारी दुबे ने सुरक्षा में लगे अधिकारियों के साथ श्रीराम जन्मभूमि परिसर, मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने राममंदिर दर्शन मार्ग समेत प्रमुख स्थलों की जांच की। बाद में उन्होंने दावा किया कि रामजन्भूमि परिसर की सुरक्षा पहले से ही अभेद्य है। खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू का अयोध्या के राममंदिर को बम से उड़ाने की धमकी देने का एक वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में आतंकी पन्नू ने 16 और 17 नवंबर को राममंदिर में हिंसा की योजना बनाई है और इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी की प्रार्थना करते हुए तस्वीरें भी दिखाई है। पन्नू ने यह धमकी कनाडा के ब्रैम्पटन से रिकॉर्ड की थी। वीडियो के जारिए मिली धमकी के बाद पूरी अयोध्या को छावनी में तब्दील कर दिया गया है।

## मोदी ने इगास पर्व की बधाई दी

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखंड के लोगों सहित सभी देशवासियों को इगास पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

श्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा उत्तराखंड के मेरे परिवारजनों सहित सभी देशवासियों को इगास पर्व की बहुत-बहुत बधाई। दिल्ली में आज मुझे भी उत्तराखंड से लोकसभा सांसद अनिल बलूनी जी के यहां इस त्योहार में शामिल होने का सौभाग्य मिला। मेरी कामना है कि यह पर्व हर किसी के जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली लाए।उन्होंने पोस्ट में कहा हम विकास और विरासत को एक साथ लेकर आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। मुझे इस बात का संतोष है कि लगभग लुप्तप्राय हो चुका लोक संस्कृति से जुड़ा इगास पर्व, एक बार फिर से उत्तराखंड के मेरे परिवारजनों



की आस्था का केंद्र बन रहा है प्रधानमंत्री ने कहा उत्तराखंड के मेरे भाई-बहनों ने इगास की परंपरा को जिस प्रकार जीवंत किया है, वो बहुत उत्साहित करने वाला है। देशभर में इस पावन पर्व को जिस बड़े पैमाने पर मनाया जा रहा है वो इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। मुझे विश्वास है कि देवभूमि की यह विरासत और फलेगी-फूलेगी।

## देहरादून में कार-ट्रक टक्कर में चार छात्र और दो छात्राओं की मौत

एजेंसी

**देहरादून।** राजधानी देहरादून में ट्रक और इनोवा कार की टक्कर में चार छात्र व दो छात्राओं की मौत हो गई। इनमें एक छात्र हिमाचल प्रदेश का रहने वाला है। हादसे में एक अन्य घायल है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए।

पुलिस के अनुसार, सोमवार देररात ओएनजीसी चौक पर बल्लूपुर की तरफ से आ रही इनोवा कार की कृष्ण नगर चौक की तरफ से आ रहे ट्रक से टक्कर हो गई। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। जबकि एक अन्य घायल हो गया। चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पांच शव दून अस्पताल और एक शव महंत इंद्रेश अस्पताल



भेजा है। सूचना मिलते ही एसपी सिटी अस्पताल पहुंचे। हादसे में कार सवार गुनीत (19) पुत्र तेज प्रकाश सिंह निवासी 10ए साईं लोक जीएमएस रोड देहरादून, कुणाल कुकरेजा (23) पुत्र जसवीर कुकरेजा निवासी 359/1 गली नंबर 11 राजेंद्र नगर देहरादून मूल निवासी चंबा (हिमाचल प्रदेश), नव्या गोयल (23) पुत्री पल्लव गोयल निवासी 11 आनंद चौक तिलक रोड, अतुल अग्रवाल (24) पुत्र सुनील अग्रवाल निवासी कालिदास रोड, कामाक्षी (20) पुत्री तुषार सिंघल निवासी 55/1 20 कावली रोड देहरादून, ऋषभ जैन (24) पुत्र तरुण जैन निवासी राजपुर रोड की मौत हुई है। कार सवार एक अन्य युवक सिद्धेश अग्रवाल (23) पुत्र विपिन कुमार अग्रवाल निवासी आशियाना शोरूम मधुबन के सामने राजपुर रोड गंभीर रूप से घायल हो गया।

## कासगंज में दर्दनाक हादसा, मिट्टी की ढाय में दबने से 4 की मौत

एजेंसी

**कासगंज।** उत्तर प्रदेश के कासगंज में मंगलवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। यहां कस्बा मोहनपुरा में मिट्टी की ढाय में दबकर चार लोगों की मौत हो गई और दो दर्जन से अधिक महिलाएं और बच्चे मिट्टी में दब गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव की प्रक्रिया शुरू की गई। गड्ढा इतना गहरा था कि महिलाओं और बच्चों को निकालने के लिए जेसीबी मंगानी पड़ी। इसके बाद सभी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। जानकारी के मुताबिक, यहां पर बच्चे और महिलाएं मिट्टी लेने आए हुए थे। तभी मिट्टी का ढाय अचानक से गिर गया। मिट्टी के नीचे करीब 20 महिलाएं और बच्चे दबे हुए हैं। मिट्टी की ढाय बहुत खोखली थी। जब बच्चे और महिलाएं मिट्टी खोद रहे थे, तभी वो इस हादसे का शिकार हो गए, जिसमें



चार लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद महिलाओं और बच्चों को बाहर निकाला गया और उपचार के लिए सभी को जिला अस्पताल भेज दिया गया। उपचार के दौरान एक महिला को मृत भी घोषित कर दिया गया।मृतकों की पहचान रामबेटी (32) पत्नी दान पाल निवासी रामपुर, प्रेम देवी (35) पत्नी गंगा प्रसाद निवासी रामपुर, सरस्वती (33) पत्नी रघुवीर निवासी रामपुर, पिंकी (12) पुत्री मानपाल निवासी रामपुर के रूप में हुई है।

## भाजपा ने महामना मालवीय को जयंती पर नमन किया

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आज प्रखर राष्ट्रवादी नेता महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती पर उनका पुण्य स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया है। भाजपा ने एक्स हैंडल संदेश में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक मालवीय के प्रति कृतज्ञता व्यक्ति की है।भारतीय जनता पार्टी ने एक्स हैंडल पर लिखा, 'राष्ट्रवाद के प्रखर समर्थक, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक, महान स्वतंत्रता सेनानी व शिक्षाविद, भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की पुण्यतिथि पर कोटि-कोटि नमन।'




## युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**सबसे तेज प्रयागराज**

**सैनी ,कौशांबी।** सैनी कोतवाली के आदर्श नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 2 अंबेडकर निवासी युवक की बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई युवक के परिजन रात को ही पैतृक निवास फतेहपुर ले कर चले गए।

जानकारी के मुताबिक गुड्डू उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्र मुल्ला जी वार्ड नंबर 2 अंबेडकर नगर में काफी अर्से से रहते हैं उनका सबसे छोटा वाला पुत्र गुड्डू बीती देर शाम बीमार हुआ परिजनों ने पहले सिराथू स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां गंभीर स्थित देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रिफर किया रास्ते में ही गुड्डू की मौत हो गई ।मौत होने पर परिजन अझुवा घर न लाकर पैतृक घर फतेहपुर जिले के अजनई कुंभीपुर लेकर चले गए वहीं वार्ड की चचाओं पर जाएं तो युवक ने जहर खाकर जान दी है।

## पिस्तट कारतूस के साथ युवक दबोचा गया

**ब्यूरो चीफ**

**सबसे तेज प्रयागराज**




**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस उ०नि० लालसाहब यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा एक्ट से सम्बन्धित प्रकाश में आये वांछित अभियुक्त जितेन्द्र पाल पुत्र ननका उर्फ अमृत लाल नि० कोटिया थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को ग्राम कोटिया से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद पिस्टल व 0 कारतूस बरामद किया गयी।

## देवा पुलिस द्वारा 3 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**




**बाराबंकी ।** पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर देवा पुलिस वांछित वारंटी की तलाश में मुखबिर की सूचना पर तीन वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया।

थाना देवा पुलिस टीम द्वारा मंगलवार वांछित अभियुक्त मुजीब अहमद पुत्र गुलाम दस्तगीर . गुलाम वारिस उर्फ पिल्लू पुत्र निसार अहमद निवासीगण मोहल्ला हुज्जाजी कस्बा व थाना देवा जनपद बाराबंकी . जुनैद पुत्र आसिक अली निवासी ग्राम वासुला थाना रामपुर जनपद सीतापुर हाल पता वर्मा मार्केट गंगवारा थाना देवा जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया।

## अवैध कच्ची शराब बरामद

**बाराबंकी।** थाना कोठी पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त लायकराम पुत्र माताप्रसाद निवासी पूरे लम्बौआ थाना कोठी जनपद बाराबंकी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 09 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई।

## यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करते हुए वाहनों की चेकिंग की गई



**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में ह्ययातायात माह नवम्बर 2024ह्व के दृष्टिगत यातायात के नियमों का पालन कराने हेतु मंगलवार को यातायात प्रभारी श्री रामयतन यादव द्वारा थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत कालिका हवेली ढाबा पर ट्रक चालकों को यातायात नियमों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। साथ ही सघन चेकिंग करते हुए ड्रिंक-ड्राइविंग, मोडीफाई सैलेन्सर तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों को आवश्यक निर्देश देते हुए नियमानुसार कार्यवाही की गई।

## नेबुआ नौरंगिया क्षेत्रान्तर्गत हुई हत्या की घटना का खुलासा, पिता ने ही की थी बेटी की हत्या

**सबसे तेज प्रयागराज**




**कुशीनगर।** दिनांक 08/09.11.2024 की रात्रि को पुलिस को यह सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना नेबुआ नौरंगिया क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नौरंगिया में अमित सिंह पुत्र जयनरायण सिंह की बहन उम्र लगभग 16 वर्ष की हत्या कर दी गयी। सूचना पर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए थाना नेबुआ नौरंगिया पर मु0अ0सं0 511/2024 धारा 103(1) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री संतोष कुमार मिश्रा द्वारा घटना के शीघ्र अनावरण/अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री रितेश कुमार सिंह के नेतृत्व में कई टीमें गठित कर निर्देश दिये गये थे। विवेचना के क्रम में मंगलवार को थाना नेबुआ नौरंगिया व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम बड़ी सफलता प्राप्त हुई कि पिता ने ही की थी बेटी की हत्या। हत्या कारित करने वाले अभियुक्त (मृतका के पिता) जयनरायन पुत्र रामबरन साकिन नौरंगिया नौका टोला थाना नेबुआ नौरंगिया जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## दहेज हत्या में महिला समेत तीन गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**



**फतेहपुर ।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर द्वारा महिला सम्बन्धी अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना खागा पुलिस टीम द्वारा थाना खागा पर डी०पी० एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण दुर्गा प्रसाद पुत्र स्व० नवरंगीलाल . सूरज पण्डा पुत्र दुर्गा प्रसाद . अभियुक्ता श्रीमती सुनीता देवी पत्नी दुर्गा प्रसाद निवासीगण ग्राम बुदवन थाना खागा जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

# सरधुवा पुलिस ने लूट के आरोपी को किया गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी,क्षेत्राधिकारी राजापुर जय करन सिंह के पर्यवेक्षण में थाना सरधुवा पुलिस टीम ने लूट के आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार किया ।

दिनाँक 24.09.2024 को वादी तिलक द्विवेदी पुत्र सुरेशचंद्र द्विवेदी निवासी रामपुर थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट द्वारा थाना सरधुवा पर सूचना दी कि वह अपने घरेलू कार्य से पहाड़ी गया था वापसी के दौरान अपने घर लौट रहा था तब चार पहिया अल्टो गाड़ी नंबर यूपी 96 पी 2347 सफेद कलर की गाड़ी में चार आदमी नहरा कुम्हर गढ़वा तिराहा के पास घात लगाए बैठे थे जैसे ही मोटरसाइकिल पर मेरे साथ पीछे बैठे माता बदल पुत्र शिवलाल निवासी रामपुर को अल्टो गाड़ी से उतरे कुमकुम उर्फ अखिलेश पुत्र राधाकृष्ण ब्राह्मण साथ में



अभिलाष उर्फ राजा पुत्र राधे कृष्ण,अरविंद पुत्र भुल्लू, जितेंन्द्र उर्फ खूंटी पुत्र राम भवन निवासी ग्राम नहरा थाना सरधुवा ने कुल्हाड़ी,बरछी व लोहे की रॉड,लाठी से तावड तोड़ हमला कर दिया, जिससे मेरा सर फट गया एवं हाथ की उंगलियां फट गई एवं शरीर में कई चोटें आई और मैं जमीन पर गिर गया । पीछे बैठे व्यक्ति को भी मारा उसके भी चोट लगी एवं मेरे पास से ?10700 कुमकुम ने निकाल लिए एवं डेढ़ तोला सोने की चैन उतार लिया । पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा प्रभारी निरीक्षक सरधुवा को अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । प्रभारी निरीक्षक सरधुवा श्री आशुतोष तिवारी द्वारा विवेचना उ0नि0 श्री मुन्नीलाल को सुपुर्द की गयी । रविवार को उ0नि0 मुन्नीलाल थाना सरधुवा व उनकी टीम द्वारा अभियुक्त कुमकुम उर्फ अखिलेश उपाध्याय उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त की जामातलाशी ली गयी और लूटे हुए पैसे के बारे में पूंछताछ की गयी तो बताया कि खर्च हो गये है।

# दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस उ०नि० अनिल कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त छोटू उर्फ पंकज यादव पुत्र छेदीलाल नि० चक थाम्भा नारा थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी को कैनी तिराहा मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को मा० न्यायालय भेजा जा रहा है। चोरी की मोटरसाइकिल के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।







**कौशांबी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मंझनपुर पुलिस उ०नि० अवधराज यादव मय हमराह पुलिस बल गस्त वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर टेवा तिराहा से अभियुक्त छोटू मौर्य पुत्र छेदी मौर्य नि० देवरा थाना मंझनपुर जनपद कौशाम्बी को चोरी की मोटरसाइकिल हिरो स्प्लेण्डर प्लस के साथ गिरफ्तार किया गया।

## आपरेशन बचपन के तहत समस्त थानों द्वारा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर किया गया जागरूक



**सबसे तेज प्रयागराज**

**बाराबंकी ।** प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे ह्मिशन शक्ति फेज- 05ह्व के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में बाराबंकी पुलिस के समस्त थानों की महिला बीट अधिकारी द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं को महिला सम्बन्धी साइबर अपराध के सम्बन्ध में जागरुक कर महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गई। महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वूमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टाप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9. जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, जिला संरक्षण अधिकारी, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग, जनपद न्यायालय में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सम्बन्ध में एवं साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया। पुलिस द्वारा आपरेशन बचपन के तहत बालश्रम, बाल भिक्षावृत्ति एवं बाल विवाह के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया गया।

# एएसपी ने पुलिस कर्मियों को फिट रहने के लिए लगवाई दौड़





**स्वाती मिश्रा**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी राजेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन्स कौशाम्बी में मंगलवार की परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का टोली बार निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान एएसपी द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन किया गया। पुलिस कर्मियों को फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई एवं शस्त्राभ्यास कराया गया। परेड के उपरान्त विभिन्न शाखाओं व पुलिस लाइन्स परिसर निरीक्षण कर संबंधित साफ सफाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## नाबालिक के साथ दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**




**फतेहपुर ।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर द्वारा वांछित/वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना असोथर पुलिस टीम द्वारा दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त अशोक कुमार उर्फ गुड्डू पुत्र श्याम सुन्दर उर्फ तिलक निषाद निवासी ग्राम गरीबदास का डेरा मजरे सगोलीपुर थाना किशनपुर जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना गया।

# मिशन शक्ति पांचवा चरण, महिलाएं हो रही जागरूक

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर ।** पुलिस अधीक्षक, फतेहपुर के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, फतेहपुर के निकट पर्यवेक्षण में आयोजित ह्मिशन शक्तिह्व पंचम चरण व ऑपरेशन जागृति के तहत नारी सशक्तिकरण की कार्यवाही के अनुक्रम में समाज में नारी सुरक्षा व सम्मान एवं नारी स्वावलंबन हेतु जनपद के समस्त थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रो में महिला पुलिसकर्मी (शक्ति दीदी) व पुरूष पुलिसकर्मियों द्वारा शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में जाकर भीड़-भाड़ वाले इलाकों, कस्बों, गांवों चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं/छात्र-छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु



विभिन्न पैतरों के साथ-साथ उ0प्र0 सरकार द्वारा जारी किये गये हेल्पलाइन नम्बरो 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076झमुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइ?, 102-स्वास्थ्य सेवा,1930- साइबर क्राइम तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उ0प्र0 शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में भी जानकारी देते हुए जागरूकता संबंधी पंपलेट वितरित किया गया । इसी क्रम में जनपद के विभिन्न थानों की एन्टी रोमियो टीम द्वारा प्रमुख चौराहो, पार्को एवं भीड-भाड वाले स्थानो के आस-पास चेकिंग कर मनचलों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत अभियान चलाया गया ।

## पुलिस के प्रयास से पति-पत्नी साथ रहने को हुए राजी



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी ।** परिवार परामर्श केंद्र में पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में परिवार परामर्श केंद्र में प्रभारी श्यामा नारायण यादव महिला हेड कांस्टेबल पूनम, महिला कांस्टेबल कमल यादव के माध्यम फाइल में पति-पत्नी वह उनके परिजनों की सहमति से सुलह समझौता किया गया। दोनों पक्षों की परिवार परामर्श केंद्र द्वारा पति-पत्नी को उनके जीवन की पारिवारिक कर्तव्य को बताते हुए समझाया गया। पति-पत्नी द्वारा बताया गया कि अब हम दोनों के बीच किसी प्रकार का कोई मनमुटाव नहीं रह गया है। अब हम दोनों अपनी खुद की सहमति से सुलह समझौता करना चाहते हैं। परिवार परामर्श केंद्र द्वारा दोनों पति-पत्नी को सुलह समझौता कराया गया। दोनों पक्षों द्वारा व्यक्त किया गया कि अब हम दोनो एक दूसरे के साथ प्रेम पूर्वक अपना जीवन यापन करेंगे। परिवार परामर्श केंद्र द्वारा दोनों को सलाह दिया गया कि अपने बड़ों का सम्मान करते हुए अपने जीवन की नई शुरूआत करें।

# फूलपुर के समुचित विकास के लिए भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल को जीतना जरूरी- बृजेश पाठक

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर।** भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार बिना किसी भेदभाव के सब का साथ सब का विकास और सब के सम्मान के तर्ज पर काम कर रही है फूलपुर के समुचित विकास के लिए भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल को जीतना जरूरी है उक्त बाते मंगलवार को फूलपुर स्थित गोमती इंटर कालेज के समीप हरि कृपा मंडपम में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि यह भाजपा की सीट है सभी लोग मिलकर भाजपा प्रत्याशी को जिताए जो भी विकास के कार्य अधूरे रह गए है उसे जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा उन्होंने कहा कि



ब्राह्मण समाज एक जुट होकर भाजपा को अपना समर्थन दे रहा है दीपक पटेल एक अनुभवी नेता है वह सीधे मुख्यमंत्री से मिलकर विकास की योजनाएं लाने में सक्षम है। भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए सब से आशीर्वाद मांगा। फूलपुर के सांसद प्रवीण पटेल ने कहा कि फूलपुर का यह उपचुनाव भाजपा कार्यकताओं की प्रतिष्ठा का सवाल है सभी लोग एक जुट होकर घर घर संपर्क करके भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल को भरी मतों से जिताने का काम करे। फूलपुर नगर पंचायत अध्यक्ष अमरनाथ यादव ने कार्यकताओं को एक जुटता का पाठ पढ़ाया। ब्लाक प्रमुख फूलपुर बिपेंद्र सिंह पटेल ने क्षेत्र के ग्राम प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों सहित मतदाताओं से भाजपा प्रत्याशी दीपक पटेल को जिताने की अपील किए। मौके पर भाजपा जिला मंत्री कमलेश कुमार मिश्र,दिलीप यादव,क्षेत्र पंचायत सदस्य सचिन मौर्य,अजीत पटेल,आनंद सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके पूर्व उपमुख्य मंत्री का भव्य स्वागत किया गया।

## दुराचार का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार




**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी व अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मंगलवार को थाना किशनपुर पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त वीरेन्द्र यादव पुत्र अशोक यादव निवासी ग्राम केदार का पुरवा मजरे राघोपुर थाना कमासिन जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

## प्राण-प्रतिष्ठा के बाद लगे खाटू श्याम के जयकारे



**सबसे तेज प्रयागराज**

**लालगोपालगंज प्रयागराज।** मंगलवार को बिजलीपुर शिवरतन का पूरा स्थित शिव दरबार शनि देव धाम सिद्ध पीठ शनि देव मंदिर में विधि-विधान के साथ श्याम बाबा मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कर जन्मोत्सव मनाया गया वही लोगो ने खाटू श्याम की चरण वंदना की। अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु भक्त जन मौजूद रहे श्री श्याम बाबा के जयकारे से पूरा मंदिर परिसर गूंजयमान हो उठा इस दौरान संजय तिवारी समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## चौपाल लगाकर बस स्टैंड पर महिला पुलिसकर्मियों ने किया जागरूक



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी ।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक/आरक्षियों द्वारा चौराहों/बस स्टैण्ड/टैक्सी स्टैण्ड/जिला अस्पताल/गांव व कस्बा में भ्रमण कर/चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस क्रम में *थाना मंझनपुर, थाना मोहब्बतपुर पइन्सा, थाना कोखराज, थाना महेवाघाट व थाना कौशाम्बी की पुलिस टीमों द्वारा अपने अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए/चौपाल लगाकर कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों/महिलाओं* को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया । महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- *(1) 1076 मा० मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, (7) 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा (8) 112 पुलिस आपात कालीन सेवा* आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं (1)सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना (2)मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना (3)अभ्युदय योजना (4)मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना (5)निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना (6)राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना (7) आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी

## फूलपुर में मिशन शक्ति के तहत एंटी रोमियो द्वारा जागरूकता अभियान



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर।** थाना फूलपुर की मिशन शक्ति टीम द्वारा महिला उप निरीक्षक उपमा, विभा सिंह, काजल पटेल आदि द्वारा पुलिस उपायुक्त गंगानगर के कुशल पर्यवेक्षण में फूलपुर थाना प्रभारी प्रवीण कुमार गौतम के नेतृत्व में मंगलवार को नगर पंचायत के दुनियागंज,जाफरगंज कटरा ,शेषपुर सहित कई मोहल्लो में घर-घर जाकर महिलाओं को उनकी आत्मरक्षार्थ सुरक्षा टिप्स बतायें तथा पम्फलेट वितरित किए। जिसमें महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण केंद्र व राज्य सरकार द्वारा महिला सुरक्षा योजना हेल्पलाइन 1090, वूमेन पावर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं सीएम हेल्पलाइन, विधवा, वृद्धा पेंशन योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी ।

## विकसित कौशांबी अभियान के तहत अधिकारियों को किया गया प्रशिक्षित



**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशांबी।** नीति आयोग के आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के मार्गदर्शन में उदयन सभागार में विकसित कौशांबी अभियान की नींव रखी गई। इस अभियान के तहत स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, स्वयं सहायता समूह और वित्तीय समावेशन जैसे छह महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। नीति आयोग के विकास सहयोगी माइक्रोसवे कंसल्टिंग के शिवि उपाध्याय और रवि कौशल के सहयोग से कार्यशाला में प्रशिक्षण दिया गया और आगे की रणनीति पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित सभी जनपद/ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को विकसित कौशांबी अभियान की शपथ दिलायी गई। हम विकसित कौशांबी अभियान में पूरे समर्पण और ईमानदारी से योगदान देने का संकल्प लेते हैं। हम प्रत्येक कार्य में स्वामित्व और जवाबदेही का पालन करेंगे। हम समग्र विकास की दिशा में टीम भावना से काम करेंगे। हम गांव, नगर और जिले के हर क्षेत्र में पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ कार्य करेंगे। हम सभी नागरिकों के उत्थान के लिए नीति और योजनाओं को सही तरीके से लागू करेंगे। हम कौशांबी को एक आदर्श विकसित जिले के रूप में स्थापित करने के लिए प्रयासरत रहेंगे। प्रशिक्षकों द्वारा जनपद/ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की 12-12 लोगों की टीम बनाकर सभी से अलग-अलग इस कार्य में आने वाली चुनौतियों एवं उसके समाधान के सम्बन्ध में चर्चा की गई। सभी को टीम वर्क के साथ कार्य के सम्बन्ध में प्रेरित करने के लिए अभिनय अक्षय कुमार की गोल्ड फिल्म की टीम ट्रेनिंग का वीडियो भी दिखाया गया।

प्रशिक्षकों द्वारा 12-12 ग्रुप की 07 टीमों का गठन किया गया, जिसमें- दोआबा ग्रुप, जागृति ग्रुप, कौशाम्बी विकास ग्रुप, प्रेरणा ग्रुप, इन्द्रधनुष ग्रुप, कौशाम्बी शाइन ग्रुप एवं एकता ग्रुप हैं। कार्यशाला में सभी को बताया गया कि आने वाले 15 दिनों में दिये गयें प्रारूप के अनुसार कार्य करते हुए मेन्सन करना हैं। कार्यशाला में बताया गया कि जनपद के समस्त आकांक्षी ब्लॉकों को समस्त पैरामीटर पर सुधार करने का कार्य किया जायेंगा।

# मां यमुना को अर्पित किया 31 हजार दीप

## कार्तिक महोत्सव आयोजन समिति की ओर से हुआ दीपदान । मां यमुना मैया सभी का करेंगी कल्याण : शशांक शेखर पाण्डेय



**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** कार्तिक महोत्सव आयोजन समिति की ओर से देवोत्थान एकादशी पर आज आयोजित महा आरती एवं दीपदान का आयोजन सकुशल सम्पन्न हुआ ।

बालुआघाट बारादरी पर आयोजित कार्यक्रम में बटुकों ने माँ यमुना मैया की आरती उतारी । इस अवसर पर 31 हजार दीपदान किया गया। बारादरी की सीढ़ियों को हजारों दीपों व रंगोली से सजाया गया ।

नाव से यमुना मैया की लहरों पर दीप प्रज्वलित कर छोड़ें गए तो लगा जैसे सितारे जमीं पर उतर आए हों ।समिति के अध्यक्ष महेन्द्र कुमार पांडेय एवं महामंत्री शशांक शेखर पांडेय के संयोजन में आयोजित समारोह का सभी भक्तों ने जमकर आनंद उठाया । आरती में कृष्णा पांडेय,सुरेन्द्र सिंह,रवि केसरवानी,राज अग्रहरि,गोपाल पांडेय,शास्त्री जी, कृष अग्रहरि,कृपा शंकर कुशवाहा,श्याम किशोर केसरवानी,मुन्नू लाल केसरवानी,दया राम यादव,प्रवीण केसरवानी ,सुरेंद्र कुमार मिश्रा बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# गुरु विश्वामित्र का आदेश मिलते ही श्रीराम ने किया धनुष भंग , स्वामी कमल दास जी महाराज



**सबसे तेज प्रयागराज**

**लालगोपालगंज प्रयागराज।** श्रृंगवेरपुर धाम में चल रहे राष्ट्रीय रामायण मेला के दूसरे दिन हनुमानगढ़ी राम चौराहा श्रृंगवेरपुर धाम के महंत 1008 स्वामी कमल दास महाराज जी ने श्री राम विवाह कथा का रसपान कराते हुए बताया की राजा जनक के दरबार में देश-विदेश से आए राजा-महाराजा भगवान शिव के धनुष को तोड़ने का प्रयास करते हैं। धनुष भंग नहीं होने पर राजा जनक निराश हो जाते हैं। बाद में गुरु विश्वामित्र का आदेश मिलते ही श्रीराम धनुष भंग कर राजा जनक का संकट दूर करते हैं।

शिव धनुष टूटने से क्रोधित हुए भगवान परशुराम राजा जनक के दरबार पहुंचते हैं। उनका लक्ष्मण के साथ तीखा संवाद होता है। अंत में परशुराम भगवान श्रीराम के वास्तविक रूप को पहचान जाते हैं और उनकी आराधना कर लौट जाते हैं।

तत्पश्चात श्रीराम व माता सीता के बीच जयमाल का मंचन किया जाता है। कथा से पूर्व क्षेत्रीय विद्यालयों महाविद्यालय के द्वारा आयोजित ब्रेक साक्षरता एवं जागरूकता सम्मेलन में कई विद्यालयों ने भाग लेकर के भगवान श्री राम पर आधारित नाटक भजन गायन का कार्य की प्रस्तुति की जिसे देखकर दर्शक भावविभोर हो उठे कार्यक्रम की सराहना करते हुए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अनुभव सिंह ने कार्यक्रम में शामिल छात्र एवं छात्राओं को मेडल पहनाते हुए उनका अभिनंदन किया।

इस दौरान पूर्व कुलपति डॉक्टर गिरीश चंद्र त्रिपाठी, वरिष्ठ समाज सेवी शिव प्रसाद मिश्रा ,राष्ट्रीय रामायण मेला के अध्यक्ष डॉ बालकृष्ण पांडे, पंडित राजमणि शास्त्री ,रामायण मेला के महामंत्री उमेश चंद्र द्विवेदी, उपाध्यक्ष सिया राम सरोज ,खंड विकास अधिकारी लीलाधर शुक्ला ,थाना नवाबगंज प्रभारी अनिल कुमार मिश्रा, प्रधानाचार्य अनिल मिश्रा, संयुक्त मंत्री अमित द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

## गहने और नोट रखे गुमशुदा पर्स पुलिस से पाकर महिला का खिला चेहरा

# बोली - थैंक्यू जीआरपी पुलिस प्रयागराज !



**हनुमान प्रसाद शुक्ल**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** हजारों रुपए नगद और गहनों से भरा बड़ा पर्स जब निराश हो चुकी सामान्य परिवार की एक महिला को मिला तो महिला समेत उसके परिजनों की खुशी देखने लायक थी। खिले चेहरे और चहकती आवाज में महिला बोली, 'थैंक्यू जीआरपी पुलिस प्रयागराज, मेनी मेनी थैंक्स'। भुक्तभोगी महिला के अलावा उसके पति और महिला की बहन का चेहरा खुशी से लबरेज दिखा।

रेलवे स्टेशन प्रयागराज में गुमशुदा लेडीज पर्स मे रखा 10,879 रुपए , दो जोड़ी पायल,11 छोटे छोटे लाकेट व 14 सोने के मनके वाला मंगलसूत्र, पांच सोने की लेडीज अंगूठी, दो चाँदी की लेडीज अंगूठी, एक नाक की कील, एक हीरे की नग लगी अंगूठी, चार बिछिया, मेकअप व श्रृंगार के सामान व कुछ कपड़े बरामद किए गए। बरामद समानों की कीमत लगभग चार लाख रुपए आंकी जा रही है। पुलिस का कहना है कि मंगलवार को हेड कांस्टेबल अशरफ खाँ थाना जीआरपी प्रयागराज ड्यूटी के दौरान भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान रेलवे स्टेशन प्रयागराज के प्लेटफार्म चार - पांच पर पार्सल के पास स्थित खम्भे के चबूतरे पर एक अदद लेडीस पर्स लावारिस हालत में देखा। पुलिस के अनुसार, पर्स जीआरपी थाने लेकर आए। पर्स के स्वामिनी को रेलवे स्टेशन प्रयागराज के प्लेटफार्म व सकुर्लेटिंग एरिया व वेटिंग हाल में खोजा गया पर वो नहीं मिली। इस पर पर्स स्वामिनी ज्योती पटवा पत्नी सन्तोष पटवा निवासी गंजिया बाजार थाना मऊआइमा, प्रयागराज को मोबाइल फोन पर वार्ता कर बुलाया गया। सूचना पर ज्योति, उनके पति व बहन मोहिनी पटवा थाने आईं। लिखा पढ़ी करने के बाद वरिष्ठ उप निरीक्षक राजवीर सिंह द्वारा सारा सामान उनके सुपुर्द कर दिया गया।

# मुख्य सचिव ने सीवर लाइन वाले क्षेत्रों में सभी घरों एवं संस्थाओं को अनिवार्य रूप से जोड़ने के दिए निर्देश



सबसे तेज प्रयागराज

प्रयागराज । महाकुंभ 2025 में आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ एवं निर्मल गंगा का पानी उपलब्ध कराने के दृष्टिगत राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) को पानी की शुद्धता का सर्वे कर अपने ऑब्जर्वेशन मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बनी हाई पावर कमेटी के समक्ष प्रस्तुत करने के दिए गए निदेर्शों के क्रम में मंगलवार को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में नैनी एसटीपी सभागार में बैठक संपन्न हुई, जिसमें नालों का शत-प्रतिशत शोधन करते हुए अपेक्षित बीओडी/सीओडी लेवल मेन्टेन करने हेतु सीपीसीबी द्वारा प्रस्तुत किए गए बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

बैठक में सीपीसीबी के अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत किए गए डेटा पर चर्चा करते हुए मुख्य सचिव ने प्रयागराज के सभी एसटीपी पर किए जा रहे शोधन कार्यों के बारे में सभी आवश्यक जानकारी ली। तत्पश्चात उन्होंने जनपद में बिछी लगभग 1450 किलोमीटर लंबी सीवर लाइन से सभी घरों एवं संस्थाओं को शत-प्रतिशत जोड़ने तथा किसी भी सीवर लाइन का पानी सीवेज पंपिंग स्टेशन अथवा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के अलावा किसी भी नाले में न गिरे यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि कोई भी नाला बिना शोधन के गंगा-यमुना में नहीं गिरना चाहिए। उन्होंने कहा कि जो नाले अभी तक अनटैप्ड है, उनके जल का शोधन बॉयो रिमेडिकल एवं जिओ ट्यूब से अनिवार्य रूप से कराये जाने का निर्देश दिया है साथ ही साथ यह भी निर्देशित किया है कि शोधन के बाद जो जल निकलता है, उसका थर्ड पार्टी से अनिवार्य रूप से नियमित रूप से जांच कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने सभी कार्य पूर्ण कर उसका सर्टिफिकेट उनके समक्ष प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए हैं।

महाकुंभ-2025 के अंतर्गत अनुमोदित परियोजनाओं में गंगा प्रदूषण इकाई की भी 5 परियोजनाओं को अनुमोदन मिला है जिसमें 15 नालों की टैपिंग का कार्य सम्मिलित है। 2 नालों की टैपिंग का कार्य जलनिगम नगरीय द्वारा कराया जा रहा है। इसके पश्चात प्रयागराज के सभी 81 नाले टैप हो जाएंगे। वर्तमान में 39 नाले अनटैप्ड हैं, जिनमें से 22 नालों की टैपिंग के कार्यों को पहले ही स्वीकृति मिल चुकी थी तथा शेष 17 की टैपिंग के कार्यों कुंभ मद से अब कराये जा रहे हैं। इस अवसर पर सम्बंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण कर एसपी ने दिए आवश्यक निर्देश





रिजर्व पुलिस लाइन में निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए

**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक ने ।पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल ने मंगलवार को रिजर्व पुलिस लाइन में नव निर्माण कार्य के लिए जमीन का निरीक्षण किया। पुलिस लाइन परिसर में भ्रमण कर उन्होंने भोजनालय, सीपीसी कैंटीन, वर्दी स्टोर, पुलिस लाइन आदेश कक्ष में गार्द रजिस्टर आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि कार्य की गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं होना चाहिए।

## तीन लोगों का शांति भंग में चालान



**सबसे तेज प्रयागराज**

**हंडिया।** पुलिस आयुक्त प्रयागराज व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रयागराज के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस उपायुक्त गंगानगर, अपर पुलिस उपायुक्त अपराध व सहायक पुलिस आयुक्त हण्डिया प्रयागराज के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक हण्डिया बृजकिशोर गौतम के निर्देशन मे थाना हण्डिया पुलिस टीम द्वारा मंगलवार को शान्ति/कानून व्यवस्था भंग करने के दृष्टिगत 03 व्यक्तियों का अन्तर्गत धारा 170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में चालान कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

## 160 लीटर कच्ची नाजायज शराब व 9 कुंतल लहन व शराब बनाने के उपकरण बरामद



**सबसे तेज प्रयागराज**

**फतेहपुर ।** पुलिस अधीक्षक फतेहपुर धवल जायसवाल के निर्देशन में अवैध शराब निष्कर्षण व परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सुल्तानपुर घोष पुलिस व आबकारी की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम गौंती में दबिश देकर अवैध शराब निष्कर्षण करते हुये 2 अभियुक्तों जयचन्द्र पुत्र शिवराम, दिनेश कुमार पुत्र शिवपाल को किया गया गिरफ्तार व उनके कब्जे से 09 कुंतल लहन व 160 ली0 अवैध कच्ची नाजायज शराब मय उपकरण के बरामद किया।

गिरफ्तार करने वाली टीम

थानाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी, घोष.वरिष्ठ उपनिरीक्षक जयप्रकाश सिंह.उ0नि0 राकेश कुमार, थाना सुल्तानपुर घोष जनपद फतेहपुर ।

## रेप का इनमिया अभियुक्त गिरफ्तार

**सबसे तेज प्रयागराज**

**कौशाम्बी।** प्रभारी निरीक्षक करारी विनीत कुमार सिंह ने अपने हमराहियों के साथ मंगलवार को पच्चीस हजार के इनमिया अभियुक्त लवकुश पुत्र सिवलोचन पासी निवासी करारी को तियरा जमाल पुर प्राइमरी स्कूल के पास गिरफ्तार करते हुए बताया कि लवकुश के ऊपर बाउंड्री वाल से कूद कर परिजन की अनुपस्थित में पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने व गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने जैसे आपराधिक मुकदमा दर्ज है एवं पच्चीस हजार का इनमिया वांछित अभियुक्त भी है अभियुक्त लवकुश को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए पुलिस ने न्यायालय भेज दिया है।

## मुक्त विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का रंगारंग आयोजन




**सबसे तेज प्रयागराज**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के 27 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का रंगारंग आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के पुरातन छात्र कल्याण परिषद ने लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती की श्रृंखला में अटल प्रेक्षागृह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। जिसमें आयुषी त्रिपाठी ने जहां ओजपूर्ण एवं देशभक्ति परक काव्य पाठ ने समां बांध दिया वहीं डॉक्टर कृष्ण राज सिंह के निर्गुण काव्य की धारा में श्रोता सराबोर हो गए।

इस अवसर पर चांदनी सिंह ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इसके साथ ही अंजली शर्मा, भव्या पांडे, श्रेया मिश्रा, सुरभि सागर, तनुश्री सिंह, सिद्धांत साहू और अंजना बनर्जी की टीम ने डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया। जिसकी भूरि भूरि सराहना की गई।

सुप्रिया सिंह रावत आरती यादव नित्याश्री सुनिधि सिंह यशस्वी श्रीवास्तव समृद्धि श्रीवास्तव शिक्षा तिवारी अनुषा तिवारी तथा श्रेयांशी सिंह की टीम ने भेड़िया नीति की शानदार प्रस्तुति की। इसके साथ ही कालबेलिया तथा पूर्वी नृत्य की प्रस्तुति अत्यंत सराहनीय रही।

अदिति और मुस्कान ने रासलीला की प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कत्थक नृत्य में भव्या पांडे, तनुश्री सिंह और सिद्धांत साहू ने आकर्षक प्रस्तुति से अटल प्रेक्षागृह तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने स्थापना दिवस समारोह कार्यक्रम की श्रृंखला के अंतर्गत पुरातन छात्र आर ए एफ के कमांडेंट , असिस्टेंट कमांडेंट रामचंद्र राम तथा एसआई बृजेश कुमार सिंह,आरपी रस्तोगी इंटर कॉलेज, प्रयागराज के प्रधानाचार्य डॉक्टर लालजी यादव, मुक्त विश्वविद्यालय की प्रोफेसर रुचि बाजपेई, ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर शैलेश कुमार यादव, सुश्री दीप्ति योगेश्वर, शुभ लक्ष्मी शर्मा, राजभाषा अधिकारी, चंद्रशेखर पांडेय , डॉक्टर स्मिता अग्रवाल, हेमंत शुक्ला, ज्योति को सम्मानित किया।

सांस्कृतिक संध्या में कंचन लाल यादव एवं उनकी टीम के बिरहा गायन ने लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने इस अवसर पर लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल को याद करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में इस तरह के देशभक्ति परक कार्यक्रम सरदार पटेल को समर्पित हैं। उन्होंने देश को एक नई दिशा दी जिसे आज यहां काव्य पाठ में प्रस्तुत किया गया। प्रोफेसर सत्यकाम ने सभी कलाकारों को प्रशस्ति पत्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। समारोह का संचालन सुमन यादव ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर ज्ञान प्रकाश यादव ने किया।

## सरायइनायत पुलिस द्वारा वारण्टी गिरफ्तार




**राम सिंह यादव**

**सबसे तेज प्रयागराज**

**झूंसी प्रयागराज ।** सराय इनायत पुलिस ने मंगलवार को चेकिंग के दौरान एक वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थानाध्यक्ष सराय इनायत संजय गुप्ता ने बताया कि वांछित वारंटी की तलाश में चेकिंग किया जा रहा था इसी बीच की सूचना पर न्यायालय द्वारा वारंटी चल रहे वारण्टी अभियुक्त सौरभ पटेल उर्फ अभिलाष सिंह पुत्र जितेन्द्र सिंह निवासी ग्राम जैतपुर थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना सरायइनायत क्षेत्रान्तर्गत उसके निवास ग्राम जैतपुर के पास से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

## 20 लीटर अवैध देशी शराब बरामद

**झूंसी प्रयागराज।** थाना सरायइनायत पुलिस टीम द्वारा मंगलवार को अभियुक्त गौरव भारतीया पुत्र हरीलाल निवासी ग्राम फतुहां थाना सरायइनायत कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना सरायइनायत क्षेत्रान्तर्गत ग्राम फतूहां के पास से 20 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया ।

## Skin Care के लिए खरीद रहे हैं केसर, तो 8 आसान तरीकों से करें असली और नकली की पहचान



**Skin Care में केसर का इस्तेमाल सदियों से होता आ रहा है लेकिन क्या आपको मालूम है कि बाजार में नकली केसर भी धड़ल्ले से बिक रहा है? जी हां आपको बता दें कि नकली केसर के इस्तेमाल से त्वचा पर कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में आइए आपको बताएं ऐसे 8 तरीके (How to Spot Fake Saffron) जिनसे केसर की शुद्धता को पहचाना जा सकता है।**

केसर अपनी अनूठी सुगंध और रंग के लिए दुनियाभर में मशहूर है। इसका इस्तेमाल खाने को स्वादिष्ट बनाने के साथ-साथ कई औषधीय गुणों (Saffron Benefits) के लिए भी किया जाता है। हालांकि, ऊंची कीमत के कारण, बाजार में नकली केसर की भी भरमार है। ऐसे में, कई बार हम महंगे दाम देकर भी नकली केसर खरीद लेते हैं और धोखाधड़ी का शिकार हो जाते हैं। अगर आप भी स्किन केयर रूटीन (Skin Care Routine) में केसर का इस्तेमाल करने की सोच रहे हैं तो इसे खरीदने से पहले इस आर्टिकल में बताए 8 आसान तरीकों (How to Spot Fake Saffron) से मिनटों में केसर की शुद्धता जांच सकते हैं। आइए जानें।

क्यों महंगा होता है केसर?

केसर एक बहुत ही कीमती मसाला है। यह एक खास तरह के फूल से बनता है जिसे क्रोकस कहते हैं। ये फूल खासकर शरद ऋतु में खिलते हैं। इस फूल के अंदर से कुछ धागे निकलते हैं, इन्हीं धागों को केसर कहते हैं। एक फूल से बहुत कम धागे निकलते हैं, इसलिए बहुत सारे फूलों से मिलकर थोड़ा-सा केसर बन पाता है। इसीलिए केसर बहुत महंगा होता है।

असली केसर कैसे पहचाने?

क्योंकि केसर बहुत महंगा होता है, इसलिए लोग कभी-कभी नकली केसर भी बेचते हैं। असली केसर पहचानना बहुत ज़रूरी है। अगले भाग में हम आपको बताएंगे कि आप कैसे जान सकते हैं कि आपका केसर असली है या नकली।

कोल्ड वाटर टेस्ट

केसर के धागों को एक कटोरी ठंडे पानी में डालें और रंग बदलने का इंतजार करें। असली केसर धीरे-धीरे सुनहरा हो जाएगा, जबकि नकली केसर तुरंत लाल रंग छोड़ देगा।

बनावट पर गौर करें

असली केसर के धागे बहुत पतले और लंबे होते हैं। ये धागे एक-दूसरे से आसानी से अलग हो जाते हैं। अगर आप ध्यान से देखेंगे तो इन धागों के अंत में थोड़ा सा उभार सा दिखेगा, जैसे तुरही का मुंह।

असली और नकली केसर का फर्क समझने के लिए आप कुछ केसर के धागों को गर्म पानी में डालें। नकली केसर आर्टिफिशियल रंगों से बने होते हैं, इसलिए ये पानी को तुरंत लाल कर देंगे। वहीं, असली केसर नेचुरल रंग छोड़ता है और पानी को धीरे-धीरे रंगता है।

स्वाद से समझें

नकली केसर में असली केसर जैसी खुशबू नहीं होती। इसके बजाय, इसका स्वाद कड़वा और धातु जैसा होता है। यानी, इसमें वो खास स्वाद नहीं होता जो असली केसर में होता है। जबकि असली केसर में एक खास तरह की खुशबू होती है, जैसे फूलों की। इसके साथ ही, इसमें मिट्टी जैसा हल्का सा स्वाद भी होता है।

सूंघकर देखें

असली केसर की खुशबू बहुत खास होती है। यह शहद और सूखे घास की तरह मीठी और थोड़ी फूलों जैसी होती है, लेकिन नकली केसर की खुशबू तेज और थोड़ी-सी आर्टिफिशियल होती है। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि नकली केसर बनाने में कुछ खास तरह के केमिकल मिलाए जाते हैं, जैसे कि पिकोक्रोसिन और सैफ्रानल।

रंग से करें परख

आपके केसर का रंग बहुत मायने रखता है। असली केसर का रंग चमकीला लाल होगा, लेकिन नकली केसर आर्टिफिशियल मैरून रंग का होगा।

रगड़कर देखें

केसर के धागों को अपनी उंगलियों से रगड़ें और देखें कि क्या वे पीले या नारंगी रंग का टिंट छोड़ते हैं। अगर ये ऐसा करते हैं तो आपके हाथ में नकली केसर है, अगर नहीं तो आपको असली केसर मिल गया है।

बेकिंग सोडा टेस्ट

असली-नकली केसर की पहचान के लिए एक कप पानी लें और उसमें दो बड़े चम्मच बेकिंग सोडा मिलाएं। मिश्रण को तब तक ब्लेंड करें जब तक कि यह एक समान न दिखने लगे और फिर कुछ केसर के धागे डालें। अगर पानी पीला हो जाता है तो आपके पास केसर की शुद्ध क्वालिटी है, लेकिन अगर यह लाल या मैरून हो जाता है, तो आप धोखाधड़ी के शिकार हो गए हैं।

# एएमयू का मैसेज : पढ़ोगे तो बढ़ोगे

समझना यही है। पढ़ाई से तकलीफ किसे है? उन्हें जो अब खुलकर बटेंगे तो कटेंगे, एक हैं सेफ जैसे हिंसक शब्दावली के नारे देने लगे हैं। बीजेपी की सारी राजनीति अब केवल ध्रुवीकरण पर केन्द्रित हो गई है। अभी लोकसभा में उन्हें तगड़ा झटका लगा है। देश में केवल 240 सीटें आईं। जो बहुमत की संख्या 268 से 28 कम हैं। और यह पूरी 28 सीटें बीजेपी की यूपी से कम हुई हैं।

एएमयू का मुसलमानों के लिए क्या संदेश है?

उनसे शिक्षा की बातें दिखावे के लिए की जाती हैं लेकिन वास्तव में उनकी शिक्षा पर टेढ़ी नजर है। हमने जब-जब मुसलमानों की एजुकेशन पर लिखा संघ भाजपा के लोगों ने सबसे ज्यादा उल्लासित होकर प्रतिक्रियाएं दीं। वे बड़े खुश होकर बताते हैं कि हां मुसलमानों में यह कमी है और वह उसे पूरा नहीं करते। लेकिन जहां वास्तव में मुस्लिम शिक्षा दी जा रही है वह हमेशा उनके निशाने पर रहता है।

ताजा उदाहरण अलीगढ़ मुस्लिम युनिवर्सिटी (एएमयू ) है। सुप्रीम कोर्ट के ताजे फैसले के बाद फिर उस पर सवाल उठाना शुरू कर दिए हैं। सात जजों की बेंच ने बहुत गोलमाल फैसला दिया है। जिसे फैसला कहते हैं न्याय नहीं। तीन जजों की एक बैंच फिर बैठेगी ताकि मामला सुलगता रहे और वह बैंच यह फैसला करेगी कि यह माइनरटी संस्थान है या नहीं। फिलहाल जो चार तीन के बहुमत से फैसला हुआ है वह यह कि पहले 1967 में सुप्रीम कोर्ट ने इसका जो माइनरटी दर्जा खत्म करने का फैसला किया था उसे पलट दिया गया। माइनरटी का दर्जा बरकरार रहेगा। साथ ही एक महत्वपूर्ण सवाल यह उठाया कि इसे बनाया किसने था। किनके लिए बनाया था। संसाधान किसने जोड़े थे।जाहिर है कि इसके जवाब में एक ही नाम आएगा सर सैयद अहमद खां का। जिनके अनथक प्रयास से मुसलमानों की शिक्षा के लिए यह इदारा (संस्थान) बना। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि यहां केवल मुस्लिम स्टूडेंट ही पढ़ते हों। यहां सभी धर्मों के लोग पढ़ते हैं और पढ़ाते हैं। एएमयू में हिन्दू स्टूडेंट के पढ़ने पर राही मासूम रजा का एक बड़ा अच्छा उपन्यास है- टोपी शुक्ला।यहां से पहले ग्रेजुएट जो पास हुए वे ईश्वरी प्रसाद थे। जिन्होंने बाद में प्रसिद्ध इतिहासकार के रूप में अपना नाम किया। दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे बीजेपी के नेता साहिब सिंह वर्मा, खिलाड़ियों में मेजर ध्यानचंद, लाला अमरनाथ जैसे खिलाड़ी यहां पढ़े। यूनिवर्सिटी ने ध्यनचंद के नाम पर तो एक होस्टल बनाया है जिसमें केवल हॉकी खिलाड़ियों को ही जगह मिलती है। ध्यानचंद के छोटे बेटे वीरेन्द्र सिंह इस होस्टल में रहे हैं। संगीतकार रवीन्द्र जैन भी वहीं पढ़े हैं। और भी बहुत नाम हैं। विश्वविद्यालय में 30 प्रतिशत से ऊपर हिन्दू छात्र-छात्राएं हैं और मेडिकल लॉ में यह संख्या



40 प्रतिशत है। विदेशी स्टूडेंट भी बहुत पढ़ते है। तीन बार तो यहां महात्मा गांधी आए हैं। बताइए ऐसी और कौन सी यूनिवर्सिटी है जहां गांधी जी इतनी बार गए हों।लेकिन हिन्दू-मुसलमान की राजनीति करने वाले एएमयू और जामिया मिलिया इस्लामिया को हमेशा टारगेट करते रहते हैं। जामिया के आईएएस कोचिंग सेन्टर में बड़ी तादाद में हिन्दू लड़के -लड़कियां तैयारी करते हैं और सिविल सर्विसेस में आते हैं। मगर हिन्दू-मुसलमान के चश्मे से देखने वाले सिर्फ वहां से निकले मुसलमान लड़के-लड़कियों की लिस्ट ही जारी करके इसे आईएएस जेहाद कहते हैं।मुसलमानों को यही समझने की जरूरत है। कि पढ़ाई पर उन्हें नसीहतें भी दी जाएंगी और पढ़ने पर उलाहने भी। मतलब। उनका पढ़ना बर्दाश्त नहीं है। नसीहतें छोटा दिखाने के लिए दी जाती हैं। लेकिन पढ़ जाओ तो बड़ी तकलीफ होती है।समझना यही है। पढ़ाई से तकलीफ किसे है? उन्हें जो अब खुलकर बटेंगे तो कटेंगे, एक हैं सेफ जैसे हिंसक शब्दावली के नारे देने लगे हैं। बीजेपी की सारी राजनीति अब केवल ध्रुवीकरण पर केन्द्रित हो गई है। अभी लोकसभा में उन्हें तगड़ा झटका लगा है। देश में केवल 240 सीटें आईं। जो बहुमत की संख्या 268 से 28 कम हैं। और यह पूरी 28 सीटें बीजेपी की यूपी से कम हुई हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को यूपी से 61 सीटें मिली थीं। इस बार केवल 33 रह गईं। जो झटका लगा वह मूल रूप से यूपी से था। यहां का दलित पिछड़ा वर्ग बीजेपी से छिटक गया। विपक्ष के साथ चला गया। उसी को वापस लाने के लिए यूपी के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने यह नारा दिया है जिसके बारे में कहा जा रहा है कि यह आज तक का सबसे हिसंक, भड़काऊ नारा है-बटेंगे तो कटेंगे।दलित पिछड़े वर्ग से कहा गया है कि अगर हमसे अलग हुए तो यह हो जाएगा! मतलब देश में सरकार, पुलिस सुरक्षा व्यवस्था, कानून कुछ नहीं है। दस साल से सरकार हमारी है। केन्द्र में और सात साल से यूपी में मगर कटोगे!क्या दलित पिछड़े वापस उनके साथ-साथ जाएंगे जो डरा कर उनसे वोट चाह रहे हैं? या उनके साथ जाएंगे जो कह रहें हैं जुड़ेंगे तो जीतेंगे, डरो मत!डरा आप किससे रहे हो? सबको मालूम है। बेटियों तक के लिए कह दिया कि ले जाएंगे। जैसे मंगलसूत्र और भैंस के लिए कहा था। बेटियों को वस्तु पशु बना दिया। काल्पनिक डर। ध्रुवीकरण के लिए। डरो और वोट दो। यह इन्सान को सबसे निचले दर्जे पर रखना है। रोजगार नहीं, महंगाई को खुली छूट, सरकारी इलाज, सरकारी शिक्षा सब खत्म। केवल डर दिखाना। कि हमसे ही तुम बचे हुए हो। नहीं तो? उसके लिए जो शब्द दिया गया है, जिसे समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सबसे निकृष्टतम कहा है कि- कटोगे!कोई नहीं डरने वाला ऐसे झूठे डराने वालों से। हां देश जरूर कमजोर होगा। एक डरा हुआ देश बनाने की कोशिश से। डरा हुआ देश कैसे विश्व गुरु बन सकता है। यह उन्हें बताना चाहिए। कैसे आगे बढ़ सकता है? तरक्की कर सकता है? या वे चाहते ही नहीं हैं? तरक्की और दुनिया में सम्मानजनक स्थान? इसलिए एक डरा हुआ समाज, डरा हुआ देश बना रहे हैं।पता नहीं! क्या चाहते हैं? वोट वोट वोट! सत्ता सत्ता केवल सत्ता! सोचना लोगों को है। और देश के बहुसंख्यकों को। यह बात हम देश के अल्पसंख्यकों को समझाने की हमेशा कोशिश करते हैं कि आपके जिताए कोई नहीं जीत रहा। न आपके हराए। इन सब के ज्यादा चक्कर में मत पड़िए। देश के बहुसंख्यकों ने ही नरेन्द्र मोदी को 240 पर रोका और योगी आदित्यनाथ को 80 में से केवल 33 दीं।

मुसलमान को इस समय केवल एक मुद्दे पर पूरा ध्यान देने की जरूरत है और वह है एजुकेशन। मार्डन एजुकेशन। शुरू हमने एएमयू से किया है और एएमयू बनाने वाले सर सैयद ने यह शिक्षा संस्थान मार्डन एजुकेशन के लिए बनाया है। हमने जो बात शुरू में लिखी कि आपकी तालीम की कमी पर वे हमला करेंगे। उपदेश भी देंगे। मगर पढ़ने भी नहीं देंगे। रिएक्शनरी फोर्सेस सबसे ज्यादा शिक्षा से घबराती हैं। दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों की शिक्षा ने ही उन्हें आगे बढ़ाया है और उनका आगे बढ़ना यथास्थितिवादियों के लिए सबसे ज्यादा तकलीफ की बात है। क्योंकि पढ़ने आगे बढ़ने के साथ ही वे सामाजिक न्याय की बात करते है और सामाजिक न्याय देना प्रतिगामियों को बिल्कुल मंजूर नहीं है। इसलिए वे दलित, पिछड़ों, आदिवासियों का ध्यान, पढ़ाई, नौकरी, सामाजिक न्याय से हटाने के लिए उनके मन में मुसलमानों के खिलाफ नफरत भरते हैं। उनका असली निशाना मुसलमान नहीं है। मुसलमान के नाम का तो वे डर पैदा करते हैं। ताकि दलित पिछड़ा आदिवासी उनको वोट देता रहे और यथास्थिति में ही रहे।सामाजिक समानता की बात नहीं करे। समरस रहे। समरसता भी संघ का गढ़ा शब्द है। समानता को कमजोर करने के लिए। रामदास अठावले बीजेपी के साथ केन्द्र में मंत्री हैं। मगर मायावती जैसे डरे हुए नहीं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा कि समरसता दलित के लिए घातक है। इसका मतलब है जैसे ऊपर से रखा जाए वैसे ही रहो। यह समानता जिसका उपयोग डॉ. आम्बेडकर करते थे उसे कमजोर करने के लिए है।तो बीजेपी कई तरह की राजनीति करने की कोशिश कर रही है। मगर उद्देश्य एक ही है। वोट, वोट, वोट! और इसी के लिए वह दलित, पिछड़ा, आदिवासी को डरा रही है। मुसलमान के नाम से। मुसलमान क्या करे? कुछ नहीं। जो करना है वह संविधान, देश का विपक्ष और बहुसंख्यक समुदाय करेगा। उसे सिर्फ अपने विकास पर ध्यान देना है और विकास का रास्ता सिर्फ एक है। शिक्षा, शिक्षा और शिक्षा। यह एक काम उसके हाथ में है और उसे उस पर ही पूरा ध्यान लगाना चाहिए।

संपादकीय

## बटेंगे तो कटेंगे' नारे का चौतरफ़ा विरोध

किसी भी चुनाव के नज़दीक आने पर साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण करने की अपनी चिर-परिचित रणनीति एवं परम्परा के अनुपालन में भारतीय जनता पार्टी द्वारा बटेंगे तो कटेंगे का नारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पिछले दिनों हरियाणा में हुई एक चुनावी प्रचार रैली में दिया गया था। हरियाणा में भाजपा को मिली सफलता से माना जा रहा था कि महाराष्ट्र एवं झारखंड के चुनावों में भी इसका इस्तेमाल होगा लेकिन जिस प्रकार से इस नारे का विरोध भाजपा के सहयोगी दलों ने कर दिया है उससे लगता है कि इस नारे और इस तरह के अन्य नारों से उसे परहेज करना अपरिहार्य हो जायेगा। इन दोनों राज्यों के साथ देश में कई जगहों पर उपचुनाव भी हो रहे हैं, लेकिन लगता है कि खुद भाजपा ही अब इस बटेंगे तो कटेंगे के नारे को ठंडे बस्ते में डाल देगी।वैसे देश में नफरत भरे नारे देने में सदैव अग्रणी भूमिका निभाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बटेंगे तो कटेंगे के प्रति नाराज़गी को भांपते हुए नया नारा पेश कर दिया है- एक हैं तो सेफ हैं, जिसे आदित्यनाथ के ही नारे का संशोधित संस्करण कहा जा सकता है। अब देखना यह है कि चाहे बटेंगे तो कटेंगे हो या फिर एक हैं तो सेफ हैं का नारा भाजपा को इन दोनों राज्यों के विधानसभाओं चुनावों के साथ कुछ प्रदेशों में होने जा रहे उपचुनावों में कितना फायदा दिलाते हैं। इनमें योगी का अपना राज्य उत्तर प्रदेश भी शामिल है।योगी आदित्यनाथ के नारे का सबसे पहला विरोध महाराष्ट्र में भाजपा के सहयोगी दल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) की ओर से दर्ज हुआ है। इस दल के मुखिया अजित पवार ने कहा कि यह नारा उप्र या झारखंड में चलता होगा, यहां महाराष्ट्र में नहीं चलेगा क्योंकि महाराष्ट्र छत्रपति शिवाजी महाराज, राजर्षि शाहू महाराज और महात्मा फुले की धरती है। उन्होंने साफ किया कि उनका विश्वास सबका साथ सबका विकास में है। उन्होंने इस पर भी रोष जताया कि बाहरी लोग आकर ऐसी बातें कह जाते हैं। उल्लेखनीय है कि भाजपा इस नारे में न केवल भरोसा करती है बल्कि इस सिद्धांत पर चलने का प्रयास भी करती है। यह अलग बात है कि महाराष्ट्र में वह राजनीति नाकाम हो गयी; और इसका भी श्रेय अजित पवार को ही जाता है। पिछले दिनों जब शिवाजी नगर मानखुर्द से एनसीपी (अजित पवार गुट) की ओर से नवाब मलिक को टिकट दिया गया था तो भाजपा ने इसका तीव्र विरोध किया था। अजित पवार ने एक नहीं सुनी और मलिक को अपना उम्मीदवार बनाये रखा। इतना ही नहीं, उनकी पार्टी ने नवाब की बेटी सना मलिक, हसन मुश्रिफ और कुछ दिन पहले कथित तौर पर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गों द्वारा मारे गये बाबा सिद्दीकी के बेटे को टिकट दी है। एनसीपी (दोनों गुट) साम्प्रदायिक सौहार्द में भरोसा करती है अतः भाजपा के इस नारे की स्वीकार्यता यहां नहीं हो सकती। ऐसे नारों तथा उन्हें उछालने वालों से अजित पवार इतनी दूरी बनाये रखना चाहते हैं कि उन्होंने यहां तक कह दिया है कि मोदी को उनके क्षेत्र में प्रचार करने के लिये आने की ज़रूरत नहीं है।बटेंगे तो कटेंगे का विरोध एनडीए में बढ़ता हुआ स्पष्ट दिख रहा है। जो जनता दल (यूनाइटेड) मोदी सरकार को समर्थन दे रहा है और उसके बल पर भाजपा सरकार टिकी हुई है, उसी के विधान परिषद सदस्य गुलाम गौस ने पटना में साफ किया कि ऐसे नारे की ज़रूरत देश को नहीं है। जिन्हें सम्प्रदाय के नाम पर वोट चाहिये उन्हें इसकी आवश्यकता है। गौस ने तर्क दिया कि जब देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री हिन्दू हैं तो हिन्दू कैसे असुरक्षित हो सकते हैं?? राष्ट्रीय लोक दल भी एनडीए का हिस्सा है। उसके अध्यक्ष तथा केन्द्रीय मंत्री जयन्त चौधरी से जब पत्रकारों ने बटेंगे तो कटेंगे के बाबत सवाल किया तो वे यह कहकर चलते बने कि यह उनकी बात है। जाहिर है कि आरएलडी इस नारे के साथ नहीं है। हालांकि कुछ लोग इस नारे का साथ भी दे रहे हैं। शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) के संजय निरूपम, जिन्होंने पिछले दिनों कांग्रेस छोड़ी थी, इस नारे को सही ठहराते हुए कहते हैं कि अभी अजित पवार को यह बात समझ में नहीं आ रही है। ऐसे ही, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने भी आदित्यनाथ के नारे को उचित कहा है। वे भी एनडीए सरकार में मंत्री है।इस नारे के पक्ष और विपक्ष में जिस तरह से एनडीए के अलग-अलग सहयोगी खड़े हैं उससे यह तो साफ है कि इसके चलते एनडीए में बड़ी फूट पड़ गयी है। कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ नेता भी इस नारे के प्रति सख्त विरोध जता चुके हैं, जिनमें खुद पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे,

# डोनाल्ड ट्रंप पर कभी भरोसा न करें, उनके ही खेल में अपना खेल खेलें

भारत को ट्रम्प और उनकी हरकतों से सावधान रहना चाहिए। अपने चुनाव प्रचार के दौरान भारतीयों की प्रशंसा करते हुए, ट्रम्प आसानी से यह सब भूल सकते हैं और अपनी स्वयं घोषित %मेक अमेरिका ग्रेट अगेन% मेगा कार्यक्रम का अनुसरण कर सकते हैं। वह अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए भारत को आसानी से छोड़ सकते हैं, बजाय इसके कि वह निरंतरता और नैतिक प्रतिबद्धता के मार्ग पर चलें।पहले कभी भी किसी अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव ने दुनिया भर में इतनी व्यापक रुचि और चिंता पैदा नहीं की थी जितनी कि इस वर्ष। ऐसा इसलिए है क्योंकि राष्ट्रपति पद के लिये निर्वाचित डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिका की नीतियों के बारे में आशंकाओं और चिंताओं को जन्म दिया है, जो स्क्रिप्टेड लाइनों का पालन करने का वादा नहीं करती हैं। बीजिंग में सत्ता के हलकों से लेकर यूरोप में नैटो मुख्यालय और मध्य पूर्व की राजधानियों तक हर जगह अनिश्चितता की भावना है।उम्मीद है कि ट्रंप लाभ और हानि के एक नये युग की शुरुआत करेंगे, जिसमें कोई नैतिक मूल्य और स्थायी दोस्ती या दुश्मनी नहीं होगी। भारत को यह मानकर नहीं चलना चाहिए कि ट्रंप भारत और नरेंद्र मोदी के मित्र हैं। इसके बजाय सतर्क रहना चाहिए।शुरुआती रिपोर्टें बताती हैं कि भारत चीजों को हल्के में नहीं ले रहा है। केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय की एक टीम कथित तौर पर व्यापार और निवेश पर स्थिति पत्र तैयार कर रही है और वाशिंगटन में भारतीय दूतावास को जमीनी स्तर पर भारतीय स्थिति के बारे में जानकारी देने के बारे में भी सोच रही है। अपने पिछले कार्यकाल में और पद से हटने के बाद भी डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी उत्पादों को बाहर रखने के लिए टैरिफ का इस्तेमाल करने के लिए भारत की आलोचना की थी।उन्होंने एक बार प्रतिष्ठित हार्लेडेविडसन मोटर साइकिल का उदाहरण दिया था। ट्रंप ने आरोप लगाया था कि भारत ने हार्ले पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाया है, जिससे मोटरसाइकिल भारतीय बाजारों से बाहर हो गयी है। जमीनी स्तर पर तथ्य यह है कि हार्ले का भारत में एक प्लांट है और जब वह अपने घटकों और भागों को खराब स्थिति में आयात करता है, तो भारतीय हार्ले संचालनको नाममात्र 10प्रतिशत शुल्क देना पड़ता है। जानकारी दिये बिना, ट्रंप ने अक्सर भारत को टैरिफ किंग के रूप में वर्णित किया है।डोनाल्ड ट्रंप ने आयात के खिलाफ अपने टैरिफ दरों में बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया है, जो कि काफी मासूमियत भरा है, यह सोचकर कि निषेधात्मक स्तर के टैरिफ लगाने के माध्यम से महत्वपूर्ण आयातों को बाहर करने से अमेरिकी उत्पादन में वृद्धि होगी। तथ्य यह है कि अमेरिका ने इन उत्पादों का निर्माण बहुत पहले ही बंद कर दिया था और अमेरिकी अर्थव्यवस्था में मौजूदा कठोरता फिर से इनके उत्पादन के



खिलाफ काम करेगी।ट्रम्प ने अपने चुनाव अभियान के भाषणों में पनीर के आयात पर कम से कम 60प्रतिशत टैरिफ लगाने का वायदा किया था। अन्य देशों से आयात पर भी इसी तरह के टैरिफ और गैर-टैरिफ अवरोध लगाये जायेंगे, जिनमें संभवतः भारत और यूरोप में अमेरिका के नैटो सहयोगी देश शामिल हैं। ऐसे टैरिफ अमेरिकी उपभोक्ताओं को नुकसान पहुंचाएंगे और मुद्रास्फीति दर में उछाल आयेगा।इससे भी बड़ी बात यह कि ट्रम्प ने देश के भीतर बड़े कर कटौती का भी वायदा किया है, जिससे मांग में वृद्धि होनी चाहिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने का वायदा किया है कि अमेरिकी ब्लू कॉलर श्रमिकों को बेहतर डील मिले और वेतन में बढ़ोतरी हो। ऐसे राजकोषीय प्रोत्साहन से मांग में वृद्धि होनी चाहिए क्योंकि उनकी आय का अधिक हिस्सा उपभोक्ताओं के हाथों में होगा। यह टैरिफ के साथ, जो विदेशों से आयात को सीमित और महंगा बना देगा, सामान्य रूप से मूल्य रेखा को बढ़ायेगा।विकल्प या तो वैकल्पिक आपूर्ति लाइनों को व्यवस्थित करना या घरेलू उत्पादन में महत्वपूर्ण उछाल होना चाहिए। दूसरी ओर, आंतरिक रूप से बढ़ती कीमतों के कारण केंद्रीय बैंकिंग प्राधिकरण को मुद्रास्फीति विरोधी नीति का पालन करना चाहिए। इसका मतलब है कि फेडरल रिजर्व को नीतिगत ब्याज दरों में वृद्धि करनी चाहिए। इस प्रकार वायदों की पूरी श्रृंखला के कारण एक बड़ी गड़बड़ी सामने आ रही है।

इससे अन्य देशों के लोगों को ज़रा भी परेशानी नहीं होनी चाहिए, जबकि अमेरिकी उपभोक्ताओं को उनके घरेलू संकट में ही उलझाये रखना चाहिए। लेकिन अमेरिकी अर्थव्यवस्था की स्थिति हमेशा अन्य देशों के लिए वास्तविकता को बदल देती है। एक सुस्त अमेरिकी अर्थव्यवस्था अपने वित्तीय बाजारों और दुनिया भर में वित्तीय प्रवाह को प्रभावित कर सकती है।वायदा किये गये विचित्र आर्थिक नीतियों और ज़मीन पर इन नीतियों को लागू करने के अपरिहार्य परिणाम के कारण नव निर्वाचित राष्ट्रपति अपने वायदों से पीछे भी हट सकते हैं। तब फिर वह अपनी विश्वसनीयता खो देंगे।आर्थिक नीति के नुस्खों के अलावा, डोनाल्ड ट्रम्प के अन्य वायदे भी उतने ही विध्वंसकारी हो सकते हैं। इस बात की प्रबल भावना है कि ट्रम्प यूक्रेन को समर्थन तुरंत वापस ले लेंगे और यूक्रेनी प्रतिरोध कुछ ही समय में टूट जायेगा। रूस की जीत की ओर ले जाने वाला एक स्पष्ट और त्वरित पतन नरसंहार और हिंसा को समाप्त कर सकता है, लेकिन यह निश्चित रूप से पश्चिमी यूरोप और नैटो के साथ संबंधों को प्रभावित करने वाली एक बहुत ही अलग तरह की मिसाल कायम करेगा।

इस तरह के परिणाम से चीन को एक व्यापक क्षेत्र में अपनी मजबूत रणनीति को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। जोखिम ताइवान और उसकी स्वतंत्रता होगी। चीन ताइवान के प्रतिरोध को कुचलना चाहेगा और ताइवान जलडमरू मध्य में अपना अधिकार स्थापित करना चाहेगा।अपने स्वयं के विस्तार की खोज में, चीन अपनी रणनीति का पालन करने के लिए खुद को संकट से मुक्त करने हेतु संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ एक सौदा करने का विकल्प चुन सकता है। चूंकि डोनाल्ड ट्रम्प सौदे करने वाले व्यक्ति हैं, इसलिए वह अपने लक्ष्यों को बढ़ावा देने के लिए चीन के साथ जा सकते हैं।इस मामले में भारत को ट्रम्प और उनकी हरकतों से सावधान रहना चाहिए। अपने चुनाव प्रचार के दौरान भारतीयों की प्रशंसा करते हुए, ट्रम्प आसानी से यह सब भूल सकते हैं और अपनी स्वयं घोषित %मेक अमेरिका ग्रेट अगेन% मेगा कार्यक्रम का अनुसरण कर सकते हैं। वह अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए भारत को आसानी से छोड़ सकते हैं, बजाय इसके कि वह निरंतरता और नैतिक प्रतिबद्धता के मार्ग पर चलें।दुनिया के लिए, ट्रम्प को उनके ही खेल में खेलना कहीं बेहतर होगा। उनके साथ सौदे करें और अमेरिकी राष्ट्रपति से किसी स्थायी प्रतिबद्धता की उम्मीद न करें।

## पीएसी के जवानों ने पिड़ौना में मोर्चा संभाला तब निकली युवक की कुएं से लाश

# पिड़ौना में युवक का शव कुएं से निकालने को लेकर बवाल

## ग्रामीणों के विरोध के चलते पुलिस को हटना पड़ा पीछे

**मौजी लाल रावत**
**सबसे तेज प्रयागराज**

**फूलपुर।** फूलपुर थाना क्षेत्र के पिड़ौना गांव का रहने वाले युवक का सप्ताह भर पहले अचानक रहस्य मय परिस्थितियों में घर से गायब होने के बाद एक सप्ताह बाद उसका शव गांव के कुएं में देखा गया जिसके चलते ग्रामीणों में आक्रोश पनप गया।

फूलापुर पुलिस उक्त शव को निकालने के लिए मौके पर एस डी एम हंडिया और तहसीलदार के साथ पहुंची तो ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को मौके पर बुलाने पर अड़ गए जिसके चलते देर रात तक पुलिस और ग्रामीणों में जमकर नोक झोंक होने लगी पुलिस ने बल प्रयोग किया तो मामला बिगड़ गया कुछ महिलाएं चोटहिल हुई तो बवाल बढ़ता देख पुलिस वापस लौट गई। जिसके चलते मंगलवार को पुलिस के साथ पी ए सी कंपनी की एक गाड़ी मौके पर पहुंच कर मोर्चा संभाला तो किसी तरह मृतक मंगेश पटेल 35 वर्ष पुत्र स्वर्गीय अमृत लाल पटेल का शव कुएं से निकाल कर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया।



### पुलिस कई एंगल से कर रही जांच

**फूलपुर।** फूलपुर थाना क्षेत्र के पिड़ौना गांव के युवक का शव एक सप्ताह बाद गांव के कुएं में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है पुलिस उक्त मामले की कई एंगल से जांच पड़ताल में जुटी है कही किसी से दुश्मनी थी या फिर कोई आसनाई का चक्कर तो नहीं था फिलहाल फूलपुर पुलिस का दावा है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

### मृतक की पत्नी ने लगाया हत्या का आरोप

फूलपुर। मृतक मंगेश की पत्नी पूजा पटेल का आरोप है कि उसके पति को घर से ले जाकर हत्या करने के बाद शव को घर से 5 सौ मीटर दूर तालाब के पास कुएं में फेंक दिया गया हमने तहरीर दिया किंतु पुलिस ने मुकदमा नहीं लिखा उसे न्याय चाहिए किंतु पुलिस उसके साथ न्याय नहीं कर रही है जिसके चलते ग्रामीणों में आक्रोश है।

### जमीनी विवाद भी हो सकता है हत्या का कारण

मृतक मंगेश का शव एक सप्ताह बाद गांव के कुएं में मिलने से कई तरह के सवाल खड़े हो गए है पत्नी पूजा पटेल का आरोप है कि जमीनी विवाद के चलते भी उसके पति की हत्या की जा सकती है फिलहाल पुलिस कई एंगल से जांच पड़ताल में जुटी है देखिए सच्चाई क्या निकल कर सामने आती है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी फूलपुर पर प्रवीण कुमार गौतम से पूछने पर उन्होंने बताया कि महिला ने गुमशुदगी की तहरीर जिस दिन दिया था उसी दिन गुमशुदगी दर्ज करा दी गई थी शव का पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया है पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने की स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ बैठक

**सबसे तेज प्रयागराज**

**लखनऊ।** स्वास्थ्य विभाग की अधिशासी परिषद्(एक्सक्यूटिव काउन्सिल) की बैठक सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में आयोजित हुयी। बैठक की अध्यक्षता नवागत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने की। उन्होंने बैठक में उपस्थित स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक सप्ताह के अंदर सभी लाभार्थियों और स्वास्थ्य कार्यकताओं का मानदेय या प्रोत्साहन राशि को लेकर भुगतान संबधी मुद्दों का निपटारा किया जाये। अस्पतालों में सफाई व्यवस्था सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करें।

कहीं से किसी भी तरह की शिकायत न मिले। संसाधनों की कमी नहीं है। अपना व्यवहार संतुलित करें, आपकी मरीजों के प्रति जवाबदेही है।

यह सुनिश्चित करें कि मरीजों और तीमारदारों के साथ किसी भी तरह की दुर्व्यवहार न होने पाए। अस्पतालों में उन्हें किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके अलावा नवागत मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, परिवार कल्याण कार्यक्रम बाल स्वास्थ्य सेवाओं सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की।

इस मौके पर सभी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सभी उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, सभी जिला अस्पतालों के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों(सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों(पीएचसी) के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, जिला समुदाय प्रक्रिया प्रबन्धक, सहयोगी संस्थाओं विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ, यूएनडीपी के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने की स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ बैठक

**सबसे तेज प्रयागराज**

**लखनऊ।** स्वास्थ्य विभाग की अधिशासी परिषद्(एक्सक्यूटिव काउन्सिल) की बैठक सोमवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में आयोजित हुयी। बैठक की अध्यक्षता नवागत मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. नरेन्द्र बहादुर सिंह ने की। उन्होंने बैठक में उपस्थित स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक सप्ताह के अंदर सभी लाभार्थियों और स्वास्थ्य कार्यकताओं का मानदेय या प्रोत्साहन राशि को लेकर भुगतान संबधी मुद्दों का निपटारा किया जाये।

अस्पतालों में सफाई व्यवस्था सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करें। कहीं से किसी भी तरह की शिकायत न मिले। संसाधनों की कमी नहीं है। अपना व्यवहार संतुलित करें, आपकी मरीजों के प्रति जवाबदेही है। यह सुनिश्चित करें कि मरीजों और तीमारदारों के साथ किसी भी तरह की दुर्व्यवहार न होने पाए। अस्पतालों में उन्हें



किसी भी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसके अलावा नवागत मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, परिवार कल्याण कार्यक्रम बाल स्वास्थ्य सेवाओं सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा की।

इस मौके पर सभी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सभी उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, सभी जिला अस्पतालों के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों(सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों(पीएचसी) के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, जिला समुदाय प्रक्रिया प्रबन्धक, सहयोगी संस्थाओं विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ, यूएनडीपी के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## राजस्थान समाज गाजियाबाद 1974 ने दीपावली मिलन समारोह का धूमधाम से किया आयोजन



**सबसे तेज प्रयागराज**

**गाजियाबाद ।** राजस्थान समाज गाजियाबाद 1974 द्वारा दीपावली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह का आकर्षण रगारंग कार्यक्रम रहे। संस्था की पदाधिकारियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रमों की सभी ने सराहना की। समाज के 50 वर्ष पूरे होने की खुशी में समाज के दो संस्थापक सदस्यों सुशीला गुटगुटिया व जगदीश प्रसाद लड़िया को स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया गया। सभी ने मां लक्ष्मी का पूजन किया व आरती उतारी।

संस्था की अध्यक्ष बबीता गुटगुटिया ने बताया कि संस्था द्वारा हर वर्ष दीपावली मिलन समारोह का आयोजन कर सामूहिक रूप से लक्ष्मी पूजन किया जाताहै। इस वर्ष भी समारोह का आयोजन किया गया। सीताराम भुवालका, रामा सिंह, सरला लाठ, मंजू लड़िया, सुमन सिंघानिया, कुमकुम सुरेखा, रजनी खंडेलवाल आदि भी मौजूद रहे।

# योगी सरकार ने 14 लाख गर्भवती महिलाओं को दी निजी केंद्रों पर फ्री

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेशवासियों को सुगम, सस्ता और गुणवत्तापूर्ण इलाज उपलब्ध कराने के लिए लगातार अहम कदम उठा रहे हैं। इसी का नतीजा है कि पिछले साढ़े सात वर्ष में प्रदेश के हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़ा बदलाव हुआ है, जिसने कभी बीमारू प्रदेश कहे जाने वाले उत्तर प्रदेश को आज उत्तम प्रदेश की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। इसी के तहत योगी सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं को निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर फ्री अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। अब तक 6 लाख से अधिक गर्भवती महिलाएं सुविधा का लाभ उठा चुकी हैं। इतना ही नहीं, योगी सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं को प्रदेश के किसी भी जिले के इम्पैनल्ड निजी अल्ट्रासाउंड केंद्र पर फ्री अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है ताकि उन्हें सुविधा का लाभ उठाने के लिए भटकना न पड़े।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य को लेकर काफी गंभीर हैं। ऐसे में, उन्हें गुणवत्तापूर्ण इलाज के साथ ही पुष्टाहार उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सीएम योगी की



मंशा के अनुरूप प्रदेश की गर्भवती महिलाओं को पीपीपी मोड पर फ्री अल्ट्रासाउंड के लिए ई-रुपी वाउचर की सुविधा फरवरी 2023 से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर दी जा रही है।

मिशन निदेशक ने बताया कि सुविधा का लाभ देने के लिए प्रदेश के 75 जिलों में 1,861 निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों को इम्पैनल्ड किया गया है। शासन द्वारा अब तक गर्भवती महिलाओं को 14,50,238 ई-रुपी वाउचर जारी किए जा चुके हैं। वहीं, गर्भवती महिलाओं द्वारा 6,81,341 ई-रुपी वाउचर का लाभ उठाया जा चुका है। गर्भवती महिलाएं एक माह तक जारी ई-रुपी वाउचर का लाभ उठा सकती हैं। इसके बाद यह स्वतः कैंसिल हो जाता है। वहीं गर्भवती महिला द्वारा समय सीमा में लाभ न उठा पाने पर वह दोबारा ई-रुपी वाउचर प्राप्त कर सकती हैं।

मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि सीएम योगी के निर्देश पर गर्भवती महिलाओं को जिला महिला चिकित्सालय, संयुक्त चिकित्सालय, सीएचसी के साथ पीएचसी पर हर माह की 4 पीएमएसएमए दिवसों क्रमशः 1, 9, 16 और 24 तारीख को ई-रुपी वाउचर जारी किए जाते हैं।

उन्होंने बताया कि उच्च स्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुविधा का ज्यादा लाभ देने के लिए अभियान और प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं। ऐसे में सीएम योगी के निर्देश पर आशा कार्यकत्रियों द्वारा घर-घर जाकर सुविधा के बारे में बताया जा रहा है।

## देवकीनंदन का सरकार से सनातन बोर्ड के गठन की मांग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सोमवार को धर्मगुरु देवकीनंदन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में 16 नवंबर को अधिक से अधिक संख्या में लोगों को पहुंचने की अपील की। उन्होंने सरकार से सनातन बोर्ड के निर्माण की मांग की। धर्मगुरु देवकीनंदन लोगों से अधिक से अधिक संख्या में 16 नवंबर को दिल्ली पहुंचने की अपील करते हुए कहा की जितनी अधिक संख्या में लोग दिल्ली पहुंचेंगे, सरकार उतने ही बड़े पैमाने पर हमारी बात सुनेगी ।

## गाजियाबाद में वकीलों ने रोड किया जाम, पश्चिमी यूपी में कई जिलों में प्रदर्शन, आरपीएफ तैनात



**गाजियाबाद ।** जिला कोर्ट में हुई घटना के बाद गाजियाबाद और ग्रेटर नोएडा के वकील भी सड़कों पर उतर आए। कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर धरना प्रदर्शन किया। सड़क को भी जाम कर दिया। वकीलों ने हर दिन दो घंटे के लिए प्रदर्शन का एलान किया है ।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अधिवक्ताओं ने गाजियाबाद में बैठक के दौरान 22 जिलों में रोजाना हर जिले में एक सड़क जाम करने का निर्णय लिया। आज सोमवार को गाजियाबाद में वकीलों ने हापुड़ रोड को जाम कर दिया। प्रदर्शन के दौरान वकील सड़कों पर बैठ गए। अधिवक्ताओं का दो घंटे रोड जाम कर प्रदर्शन समाप्त हो गया है। सोमवार सुबह 12 बजे से 2 बजे तक सड़क जाम करने के बाद वकीलों ने दोबारा धरना शुरू कर दिया। सड़क जाम के दौरान लोगों को काफी परेशानी हुई।

हालांकि पुलिस ने नए बस अड्डे की तरफ से आने वाले वाहनों को हापुड़ तिराहे और गोविंदपुरम की तरफ से आने वाले वाहनों को हापुर चुंगी पर डायवर्ट कर दिया था। वकील 29 अक्टूबर को कोर्ट रूम लाठीचार्ज के मामले में जिला जज अनिल कुमार को बर्खास्त करने और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा लाठीचार्ज के विरोध में मुरादाबाद के वकील भी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। मुरादाबाद में वकीलों ने सोमवार को प्रदर्शन कर सड़क जाम कर दिया। इससे राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## महाकुंभ 2025 : 24 घंटे अलर्ट मोड पर 220 हाईटेक डीप डाइवर, पानी पर 700 नावों से पहरा



**प्रयागराज।** महाकुंभ-2025 में योगी सरकार हर आपात स्थिति से निपटने की तैयारी कर रही है। दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम को सुरक्षा की दृष्टि से सफल बनाने के लिए जल पुलिस, पीएसी, स्वास्थ्य कर्मियों के साथ एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की कई टीमें मिलकर काम कर रही हैं। इसी क्रम में महाकुंभ के दौरान 220 हाईटेक डिप डाइवर समेत एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के सुरक्षाकर्मी 700 नाव पर सवार होकर 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर देश-विदेश से महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की पुख्ता सुरक्षा के लिए हर तरह के इंतजाम किए जा रहे हैं। इसके चलते गोवा, कोलकाता, महाराष्ट्र समेत देश के सबसे चुनिंदा जल पुलिस के जवान प्रयागराज में तैनात किए जा रहे हैं। स्नानार्थियों और साधु संतों के साथ स्नान के दौरान कोई भी अनहोनी न होने पाए, इसके लिए पहली बार इतनी बड़ी संख्या में हाईटेक डीप डाइवरों की ड्यूटी लगाई जा रही है।

किला थाना की जल पुलिस के प्रभारी जनार्दन प्रसाद साहनी ने बताया कि महाकुंभ के दौरान 180 डीप डाइवर्स की तैनाती की गई है, जो देश के विभिन्न हिस्सों से यहां आ रहे हैं, जबकि 39 डीप डाइवर्स पहले से ही यहां तैनात हैं। इस तरह कुल 220 डीप डाइवर्स हर वक्त पानी में सुरक्षा के लिए अलर्ट मोड में रहेंगे।

इसके अलावा सीएम योगी के निर्देश पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों का भी इसमें सहयोग लिया जा रहा है। स्थानीय केवट भी सहयोग में रहेंगे जो बिना गैस सिलेंडर के भी 40 फीट गहराई तक जाने में सक्षम हैं। यही नहीं, स्नानार्थियों की मदद के लिए 10 कंपनी पीएसी, 12 कंपनी एनडीआरएफ और 6 कंपनी एसडीआरएफ भी तैनात की जा रही है जो किसी भी विषम परिस्थित से निपटने में सक्षम होगी।

देश दुनिया से महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार 24 घंटे एक्शन मोड में काम कर रही है। सरकार के निर्देश पर कई तरह की सरकारी और गैर सरकारी संस्थाएं भी महाकुंभ के सबसे बड़े सांस्कृतिक महाआयोजन में सहयोग करने के लिए तत्पर हैं। इसी के तहत पीएसी और एनडीआरएफ-एसडीआरएफ के साथ ही गांव के स्थानीय लोग भी इसमें बड़ी संख्या में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। ऐसे ही स्थानीय लोगों की एक टीम को जल पुलिस प्रशिक्षित भी कर रही है। जिसमें 200 से ज्यादा जवान महाकुंभ में स्नान करने वाले संतों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था में अपनी जिम्मेदारी निभाने जा रहे हैं।

# फ्रैंस की कार्यकारिणी बैठक हुई संपन्न, पुराने मुद्दों पर अमल के साथ नई योजनाएं हुई शामिल

## अब क्षेत्र के अभावग्रस्त परिवारों को फैमिली हेल्थ कार्ड के जरिए मिलेगा मुफ़्त इलाज

**सबसे तेज प्रयागराज**

**गाजियाबाद।** फेडरेशन ऑफ राजनगर एक्सटेंशन सोसाइटीज (फ्रेंस) की कार्यकारिणी की एक बैठक आशियाना पाम कोर्ट सोसाइटी के क्लब-हाल में सायं 4:30 बजे संपन्न हुई, लगभग ढाई घंटा चली इस बैठक में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुईं। फेडरेशन अध्यक्ष सचिन त्यागी ने बताया कि इस बैठक में पारित हुए कई महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक में, राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र कि सोसाइटियों कर्मचारियों जैसे गार्ड, माली, सफाई-कर्मचारियों व घरेलू सहायिकाओं आदि के अभावग्रस्त परिवारों की स्वास्थ्य-सहायता एवं देखभाल के लिए विभिन्न सोसाइटियों में कैम्प आयोजन के माध्यम से स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए जाएंगे।

संगठन की ओर से इस योजना की सफलता का दायित्व फ्रेंस की महिला प्रकोष्ठ मातृशक्ति को दिया गया है एवं शहर के प्रख्यात अस्पताल, वरदान मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से बांटे जाने वाले इन स्वास्थ्य कार्डों का नाम फैमिली हेल्थ कार्ड होगा, जोकि अभावग्रस्त के पूरे परिवार के जनों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएगा। इसके अलावा क्षेत्र में बढ़ रही गंदगी व कूड़े के ढेर



के निस्तारण पर अब संगठन और अधिक कड़े कदम उठाने जा रहा है, आज की बैठक ने इसकी रूपरेखा की बागडोर संगठन उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव को दी है, समस्या के स्थायी व पूर्णकालिक समाधान हेतु संबंधित सभी उच्च-अधिकारियों व जन-प्रतिनिधियों आदि से बैठकें व पत्र-व्यवहार प्रस्तावित एवं सम्मिलित हैं।

फ्रेंस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. सुबोध गुप्ता ने बताया कि एक अन्य योजना है कि खंडित मूर्तियों एवं पूजन सामग्री का उचित निस्तारण क्षेत्र में हो, ताकि गंदगी पर लगाम के साथ-साथ निवासियों की धार्मिक भावनाओं का भी सम्मान रहे। इसके लिए प्रख्यात संस्था पावन चिंतन धारा आश्रम व फेडरेशन के सहयोग से इस प्रकार की व्यवस्था की योजना है, जिसके अंतर्गत सोसाइटी परिसर से ही खंडित मूर्तियों एवं पूजन सामग्री को एकत्रित कर उनका उचित निस्तारण किया जाएगा। इसके अलावा संगठन की योजना में नव-वर्ष के उपलक्ष्य में किया जाने वाला भव्य आयोजन भी है, जिसकी रूपरेखा तैयार करने का उत्तरदायित्व संगठन महासचिव डॉ. सीमा शर्मा को दिया गया है।

संगठन महासचिव डॉ. सीमा शर्मा ने बताया कि उक्त के साथ फेडरेशन की यह योजना प्रस्तावित हुई है कि महा-कुंभ के आयोजन के समय पर प्लास्टिक रहित जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, जिससे की मेले में पहुँचने वाले जन प्लास्टिक कूड़े का उत्सर्जन कर पर्यावरण को क्षति न पहुंचाएं।

इसके साथ क्षेत्रीय निवासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र के अपने अग्निशमन केंद्र की चली आ रही फेडरेशन की मांग को और अधिक प्रबलता के साथ उठाया जाएगा।

बैठक के अंत में फेडरेशन अध्यक्ष सचिन त्यागी ने उपस्थित सभी को बधाई प्रेषित की और बताया कि संगठन कई वर्षों से प्रयासरत था कि राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र का डाकघर-201017, हमारे क्षेत्र में स्थापित हो। इसके लिए निरंतर लिखा गया व वरिष्ठ अधिकारियों एवं जन-प्रतिनिधियों से मिला गया। जिसके बाद समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापन से पता चला है कि भारतीय डाक विभाग की ओर से इस पर कार्यवाही शुरू कर दी गई है, यह हमारे संगठन एवं सहयोगी सदस्यों के लिए हर्ष का विषय है, चूंकि इससे हमें हमारी एक समस्या पर विजय प्राप्त होना निश्चित हुआ है।

संगठन अध्यक्ष सचिन त्यागी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक का संचालन महासचिव डॉ. सीमा शर्मा ने किया, जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. सुबोध गुप्ता, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव व चंद्र प्रकाश गुप्ता, कोषाध्यक्ष गगन भारद्वाज, वरिष्ठ सचिव अभिनव त्यागी, सचिव गणेश्वर रल्हन, मीडिया प्रभारी मोहित नारायण के साथ कार्यकारिणी सदस्य दीपांशु मित्तल एवं महिला प्रकोष्ठ मातृशक्ति की प्रमुख शिप्रा त्यागी उपस्थित व सम्मिलित रहे।।

## गढ़ गंगा मेले के लिए हर आधे घंटे में मिलेगी बस, रोडवेज बढ़ाएगा 250 गाड़ियों के फेरे

**सबसे तेज प्रयागराज**

**गाजियाबाद ।** गाजियाबाद रीजन के क्षेत्रीय प्रबंधक केशरी नंदन चौधरी ने बताया कि मुख्य स्नान 14 और 15 नवंबर को है। इससे पहले श्रद्धालु गढ़ और अनूपशहर के लिए जाते हैं। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए 12 नवंबर से बसों के अतिरिक्त फेरे बढ़ाए जाएंगे।

कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान करने जाने के लिए गाजियाबाद रीजन के कौशांबी, बुलंदशहर, हापुड़, खुर्जा बस अड्डा पर हर आधे घंटे में बस मिलेंगी। यह बसें 12 नवंबर से 16 नवंबर तक चलेंगी। इस दौरान रोडवेज कुल 250 बसों के फेरे बढ़ाएगा।गाजियाबाद रीजन के क्षेत्रीय प्रबंधक केशरी नंदन चौधरी ने बताया कि मुख्य स्नान 14 और 15 नवंबर को है। इससे पहले श्रद्धालु गढ़ और अनूपशहर के लिए जाते हैं। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए 12 नवंबर से बसों के अतिरिक्त फेरे बढ़ाए जाएंगे।

इनमें लोनी-15, साहिबाबाद- 15, कौशांबी- 30, गाजियाबाद- 40, साहिबाबाद- 35, बुलंदशहर- 40, कौशांबी- 30, हापुड़- 45 की बसें चलेंगी। उन्होंने बताया कि बुलंदशहर बस अड्डा से स्याना-अनूपशहर-गढ़, कौशांबी बस अड्डा से मुरादनगर-मोदीनगर-हापुड़-गढ़, गाजियाबाद और मोहननगर बस अड्डा से गढ़, हापुड़ और खुर्जा बस अड्डा से अनूपशहर-गढ़ के लिए यात्रियों को बस मिलेंगी।

# तलाक के लिए तैयार नहीं थीं ईशा कोप्पिकर

## पति की वजह से लिया ये फैसला





ईशा कोप्पिकर बॉलीवुड इंडस्ट्री का जाना माना नाम हैं, हालांकि कुछ वक्त से एक्ट्रेस लोगों की नजर से दूर रही है. पिछले साल लोगों की बीच ईशा चर्चा में तब आई जब उनके तलाक की खबर सामने आने लगी. ईशा ने बिजनेसमैन टिम्मी नारंग से शादी रचाई थी, बाद में 14 साल के इस रिश्ते के बाद दोनों ने एक-दूसरे से अलग होने का फैसला ले लिया. हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने तलाक को लेकर एक इंटरव्यू में खुलकर बात की है.अपने मुश्किल वक्त को याद करते हुए ईशा ने बताया कि पाली हिल के घर को छोड़ना उनके लिए बहुत मुश्किल फैसला था. उन्होंने अपने तलाक के बारे में बात करते हुए बताया कि अलग होने का फैसला उनके एक्स हसबैंड टिम्मी नारंग का था. अपना रिएक्शन शेयर करते हुए उन्होंने बताया कि जब टिम्मी ने अपना फैसला बताया तो वो काफी नाराज हो गई थीं, क्योंकि वो अभी इसके लिए तैयार नहीं थीं, उन्हें ये फैसला अच्छा नहीं लग रहा था.


### तलाक के बारे में की बात

ईशा कोप्पिकर ने बॉम्बे टाइम्स के साथ हुई बातचीत में कहा कि एक दुखी रिश्ते में रहकर एक-दूसरे के जिंदगी को दुखी करना बहुत आसान है, लेकिन आगे बढ़ना और अलग-अलग रास्ते को अपनाना उतना ही मुश्किल है. जब उनसे अलग होने की वजह पूछी गई तो एक्ट्रेस ने जवाब देते हुए कहा कि वो पूरी वजह तो नहीं बता सकती कि क्या गलत हुआ, लेकिन उन्हें ऐसा लगता है कि वो बस अलग हो गए.

### बेटी के रिएक्शन की थी फिक्र

तलाक की बात करते हुए ईशा ने बताया कि उन्हें अपनी बेटी रिआना की फिक्र थी कि आखिर वो इस पर कैसा रिएक्शन देगी. जब टिम्मी ने तलाक की घोषणा कर दी तो ये हरकत ईशा को काफी गैर जिम्मेदाराना लगा था, क्योंकि वो चाहती थीं कि उनकी बेटी इस बात को धीरे-धीरे समझे. लेकिन टिम्मी ने इससे पहले ही ये बात सामने रख दी. हालांकि ईशा ने बताया कि बाद में टिम्मी को भी अपनी गलती का एहसास हो गया था.

# रणवीर सिंह



## शाहरुख के बाद अब सोनू सूद को मिली बड़ी जिम्मेदारी, बनाया गया इस देश का ब्रांड एम्बेसडर

बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद आज देश का बड़ा चेहरा हैं. जिस तरह से साउथ से आकर उन्होंने हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में जगह बनाई वो जर्नी अद्भुत है. एक्टर ने कोरोना काल में लोगों की मदद की और प्रवासियों को राह दिखाई. इसके बाद से ही सोनू सूद देश के नेशनल लीडर बन गए. आज भी एक्टर सोशल मीडिया के जरिए



जितना भी हो पाता है लोगों की मदद करते हैं. अब इसका उन्हें लाभ भी मिलता नजर आ रहा है. उन्हें थाईलैंड सरकार ने इस योग्य समझा है और थाईलैंड टूरिज्म को प्रमोट करने का ब्रांड एम्बेसडर बना दिया है.सोनू सूद ने खुद इस बात की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए शेयर की है. एक्टर ने लिखा- मैं थाईलैंड के ट्यूरिज्म का ब्रांड एम्बेसडर और एडवाइजर बनने के मौके पर विनम्र और सम्मानित महसूस कर रहा हूं. परिवार के साथ मेरी पहली इंटरनेशनल ट्रिप इस खूबसूरत देश में ही थी. अब मैं अपने इस रोल के जरिए थाईलैंड के कल्चर और हैरिटेज को प्रमोट करने के लिए एक्साइटेड हूं. इतने सारे प्यार और बधाइयों के लिए आपका शुक्रिया. सोनू सूद ने इसी के साथ एक तस्वीर शेयर की है जिसमें वे थाईलैंड के कुछ अधिकारियों संग नजर आ रहे हैं.

### देश के नागरिकों की पसंद

पहले के समय में सोनू सूद एक ऐसे एक्टर के तौर पर जाने जाते थे जो सिर्फ साउथ इंडस्ट्री में सक्रिय रहते हैं और जो कभी-कभी बॉलीवुड फिल्मों में विलेन के रोल में नजर आते हैं.

## चार 'गोलमाल' से रोहित शेट्टी की तिजोरी में कितने करोड़ आए? अब हो रही पांचवें पार्ट की तैयारी



रोहित शेट्टी ने 'गोलमाल 5' का ऐलान कर दिया है. वो एक बार फिर से अजय के साथ मिलकर कॉमेडी जॉनर की फिल्म बनाने वाले हैं और 'गोलमाल' फ्रेंचाइजी को आगे बढ़ाने वाले हैं. 1 नवंबर को दोनों की फिल्म सिंघम अगेन रिलीज हुई है. इस फिल्म की वजह से दोनों काफी ज्यादा सुर्खियों में हैं. इस चर्चा के बीच रोहित ने बताया कि उनकी अगली फिल्म 'गोलमाल 5' होने वाली है. वो अब किसी भी कॉप फिल्म से पहले 'गोलमाल 5' बनाएंगे.जिस तरह से 'सिंघम' रोहित की पॉपुलर फिल्म फ्रेंचाइजी है, ठीक उसी तरह 'गोलमाल' भी है. इस फ्रेंचाझजी की अब तक चार फिल्में आ चुकी हैं और सभी फिल्मों को लोगों का खूब प्यार मिला. अब जब रोहित ने 'गोलमाल 5' की अनाउंसमेंट कर दी है तो इस बीच चलिए ये जानते हैं कि अब तक इस फ्रेंचाइजी की जो चार फिल्में आई हैं, उन फिल्मों ने मिलकर कितना कलेक्शन किया है.

**गोलमाल: फन अनलिमिटेड( 2006 )**

शुरुआत करते हैं 'गोलमाल: फन अनलिमिटेड' से. ये फिल्म का पहला पार्ट है, जो साल 2006 में आया था. फिल्म को लोगों का भरपूर प्यार मिला था. इतना प्यार कि 15 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 46.72 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया था. इसी के साथ फिल्म हिट साबित हुई थी

**गोलमाल रिटर्न्स( 2008 )**

रोहित शेट्टी और अजय साल 2008 में 'गोलमाल रिटर्न्स' के नाम से इस फ्रेंचाइजी का दूसरा पार्ट लेकर आए थे. रिपोर्ट की मानें तो 35 करोड़ रुपये में बनी इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 80 करोड़ रुपये अपने नाम किए थे. इसे हिट का टैग मिला था.

**गोलमाल 3( 2010 )**

साल 2010 में 'गोलमाल 3' आई. फिल्म को इतना तगड़ा रिस्पॉन्स मिला कि ये ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी. इसका बजट 50 करोड़ रुपये था और वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर कलेक्शन 169.56 करोड़ रुपये हुई थी.

**गोलमाल अगेन( 2017 )**

'गोलमाल अगेन' यानी चौथा पार्ट भी ब्लॉकबस्टर था. इस फिल्म को बनाने में मेकर्स ने 142 करोड़ रुपये खर्च किए थे और इस फिल्म ने मेकर्स को 310 करोड़ रुपये कमाकर दिए थे. यानी अब तक 'गोलमाल' के चार पार्ट से तकरीबन 600 करोड़ रुपये की कमाई हुई है.

## कभी विक्की के ऑडिशन तक के लिए मना कर दिया जाता था, पिता शाम कौशल ने शेयर किया अपने बेटे के एक्टिंग करियर का संघर्ष



विक्की कौशल आज फिल्म इंडस्ट्री में एक बड़ा नाम बन चुके हैं। उनकी फिल्में जैसे मसान, सैम बहादुर और सरदार उधम सिंह ने उन्हें दर्शकों के बीच खास पहचान दिलाई है। लेकिन विक्की का सफर आसान नहीं रहा। वह सीनियर स्टंट डायरेक्टर शाम कौशल के बेटे हैं, फिर भी उन्हें फिल्म इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा।

**विक्की को मिले कई रिजेक्शन**

विक्की ने कई बार रिजेक्शन का सामना किया और उनकी कड़ी मेहनत के बावजूद, कई बार तो उन्हें ऑडिशन तक देने से मना कर दिया जाता था। यह बात खुद विक्की के पिता, शाम कौशल ने साझा की। शाम ने बताया कि वह शुरू से ही चाहते थे कि उनके बच्चे अच्छी पढ़ाई पर ध्यान दें और एक सुरक्षित करियर चुनें। जब विक्की और उनके भाई ने कहा कि वे एक्टर बनना चाहते हैं, तो यह बात उन्हें एक शॉक की तरह लगी, क्योंकि वह भी फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े हुए थे। हालांकि, शाम ने अपने बच्चों का साथ दिया और कभी उन्हें अपने सपनों का पीछा करने से नहीं रोका।

**पिता ने किया था विक्की का सपोर्ट पर पेशेवर मदद नहीं की**

शाम कौशल ने कहा, मैं अपने बच्चों को मना नहीं कर सकता था क्योंकि मैं खुद फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ा हुआ था और यहां काम कर रहा था। मुझे लगा कि लोग मेरे सम्मान में मेरे बच्चों को चाय पिलाने के लिए बुला सकते हैं, लेकिन कोई भी उनके साथ फिल्म में करोड़ों का निवेश नहीं करेगा। मैं भी एक गांव से आया हूं और कड़ी मेहनत करता हूं, इसलिए मुझे यह भी पता था कि अगर वह मेहनत और ईमानदारी से काम करेंगे, तो उनके रास्ते में कोई रुकावट नहीं आएगी।

**विक्की के लिए एक पिता का डर**

हाल ही में, शाम कौशल ने एक दिलचस्प बात शेयर की। उन्होंने बताया कि फिल्म डंकी में विक्की को एक खतरनाक फायर सुसाइड सीन करते हुए वह डर गए थे। शाम ने कहा, 卐काम के मामले में मैं बहुत निर्दयी हूं और हमेशा सोचता हूं कि कैसे यह सीन सबसे बेहतरीन बनेगा। लेकिन जब मैंने विक्की को आग वाले स्टंट करते देखा, तो मैं डर गया।卐 यह बात दर्शाती है कि भले ही वह एक स्टंट डायरेक्टर हों, लेकिन अपने बेटे को खतरनाक स्टंट करते देखना एक पिता के लिए हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है।

**विक्की की आने वाली फिल्में**

विक्की कौशल की हाल ही में फिल्म बैड न्यूज रिलीज हुई थी और वह जल्द ही छावा फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म में उनके साथ रश्मिका मंदाना, अक्षय खन्ना, दिव्या दत्ता और आशुतोष राणा जैसे बड़े कलाकार होंगे।

